आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : ०८, अंक : ८९
कैथल (हरियाणा),
शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अटल हिन्द

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal | Email:- atalhindnews@gmail.com | ePaper- Website:www.atalhind.com | 9891096150/9802153000

**महेंद्रगढ़ हादसे के बाद फैसला**

## हरियाणा में सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए चलेगी फ्री बस

चंडीगढ़/एजेंसी। हरियाणा में सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए एक खुशखबरी है. सरकार छात्रों के लिए फ्री बस सेवा शुरू करने जा रही है, जो बच्चों को घर से स्कूल और छुट्टी के बाद स्कूल से घर छोड़ेगी. महेंद्रगढ़ जिले में बस हादसे के बाद 6 बच्चों की मौत के बाद सरकार ने ये बड़ा फैसला किया है.



चंडीगढ़- हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुए सड़क बस हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने स्कूली छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर कई कदम उठाये हैं. इसी सिलसिले में प्रदेश सरकार ने छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर एक बड़ा फैसला किया है. राज्य सरकार द्वारा छात्र परिवहन सुरक्षा योजना की शुरूआत कर दी गई है. इसके अनुसार अब प्रदेश में 1 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित सरकारी स्कूलों के कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक पढ़ रहे छात्रों को सरकार अपने स्तर पर वाहन उपलब्ध कराएगी. इस संबंध में प्रधानाचार्यों से रूट मैप मांगा गया है.

**एमआइएस पोर्टल पर अपलोड करें सूची:** सभी स्कूलों को विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना का लाभ लेने के इच्छुक छात्रों की सूची को एमआइएस पोर्टल पर अपलोड करना होगा. हरियाणा शिक्षा निदेशालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है. इसके अनुसार निशुल्क परिवहन व्यवस्था का लाभ लेने वाले छात्रों के घरों की स्कूल से दूरी, वाहनों की सूची, रूट मैप एमआइएस पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा.

**1 मई से सभी छात्रों को लाभ:** प्रदेश के सभी छात्रों को 1 मई से मुफ्त परिवहन योजना का लाभ मिल सकेगा. फसल कटाई की व्यस्तता के कारण बड़ी संख्या में छात्र चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करने से चूक गए हैं. प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि ऐसे बच्चों को राहत देते हुए योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जानी चाहिए.

## बीजेपी और आरएसएस लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने में जुटी : राहुल गांधी

नई दिल्ली/एजेंसी। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी ने 1 मिनट 7 सेकंड के वीडियो में मौजूदा लोकसभा चुनाव के मायने को बताया. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा. राहुल गांधी ने अपने वीडियो में कहा, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह चुनाव हो रहा है. उन्होंने आगे कहा, एक तरफ बीजेपी और आरएसएस, जो लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है, संविधान को नष्ट कर रही है और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और द्ध.ह्.ष्ठ.द्ध.. गठबंधन संविधान और लोकतंत्र को बचा रही है.



### राहुल गांधी ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को बताया क्रांतिकारी

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक हम पैदल चले, 4000 किलोमिटर चले. फिर उन्होंने न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, मनीपुर से महाराष्ट्र तक चले, आपसे बात करके, आपके दिल के अंदर जो था उसको सुनकर हमने क्रांतिकारी मेनिफेस्टो बनाया. ये आपका घोषणापत्र है. कांग्रेस पार्टी ने तैयार किया है, लेकिन आवाज आपकी है. 5 गारंटी दी हैं हमने. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, नरेंद्र मोदी ने 22 से 25 लोगों को अरबपति बनाया. हम करोड़ों महिलाओं और युवाओं को लखपति बनाने जा रहे हैं. किसानों को गारंटी लीगल एमएसपी दे रहे हैं. उनका कर्ज माफ कर रहे हैं. राहुल गांधी ने वीडियो मैसेज में कहा, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये दे रहे हैं. तो यह देश को बदलने का मेनिफेस्टो है. क्रांतिकारी मेनिफेस्टो है. उन्होंने आखिर में कांग्रेस पार्टी का समर्थन करने की अपील की.

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस ने जो घोषणापत्र जारी किया है, उसपर बीजेपी और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर निशाना साधा है. पीएम मोदी जहां-जहां भी चुनावी रैली और जनसभा कर रहे हैं, कांग्रेस के मेनिफेस्टो को टारगेट कर रहे हैं.

### मोदी की झूठ की वाणी की गूंज में ठप पड़ी विकास की गाड़ी : राहुल

नयी दिल्ली (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रेडियो टीवी के माध्यम से सिर्फ झूठ की वाणी ही प्रसारित तथा प्रचारित होती रही और विकास की गाड़ी का पहिया ठप पड़ गया है। गांधी ने कहा टीवी-रेडियो हर जगह, गूंजती रही 'झूठ की वाणी', थम गए तरक्की के पहिए, ठप पड़ गई 'विकास की गाड़ी'। परिवर्तन की आहट सुनिए, कांग्रेस को चुनिए।

## भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनावः आप

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को संविधान और लोकतंत्र बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि अब जो सूरत से शुरुआत हुई है वह इस बात का संकेत है कि पिछले 10 साल में ऑपरेशन लोटस चलाकर भाजपा ने अलग-अलग राज्य के विधायकों को तोड़ा और खरीदा, सरकारों को गिराया, लेकिन 2024 के बाद इस देश में चुनाव नहीं होगा। सूरत से इसकी शुरुआत हो चुकी है। सिंह ने कहा कि आज से पहले कभी भी यह नहीं सुना गया था कि सत्ताधारी पार्टी बगैर मतदान के लोकसभा का चुनाव जीत गई हो। पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है। सूरत में न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया।

## कांग्रेस ने हरियाणा की आठ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार किये घोषित


नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने हरियाणा से लोकसभा की आठ सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की आज देर रात घोषणा की।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते है बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन सभी उम्मीदवारों के नाम तय किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पार्टी ने अंबाला सुरक्षित से वरुण चौधरी, सिरसा सुरक्षित से कुमारी शैलजा, हिसार से जयप्रकाश, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, भिवानी महेंद्रगढ़ से राव धन सिंह, रोहतक से दीपेंद्र सिंह हुड्डा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को टिकट दिया गया है।

## हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : जयराम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और 400 पार और मोदी की गारंटी का नारा लगाना भी बंद हो गया है।



कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा, अपनी पांच न्याय 25 गारंटी के साथ, हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे।

## जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष का मोदी से निपटना पड़ेगा : मोदी

आगरा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा।



उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

## अरविंद केजरीवाल की दलीलों को ईडी ने सिरे से किया खारिज

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले मामले के 'सरगना और मुख्य साजिशकर्ता' हैं और साक्ष्य के आधार पर अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है. ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आप नेताओं के साथ मिलकर काम किया और नीति में दिए गए लाभ के बदले शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी शामिल थे. जांच एजेंसी ईडी ने अपने 734 पेज के जवाबी हलफनामे में कहा कि एनसीटी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर दिल्ली शराब घोटाले के सरगना और मुख्य साजिशकर्ता हैं. इसमें कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए शराब नीति 2021-22 तैयार करने की साजिश में शामिल थे और उक्त नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी शामिल थे.



ईडी ने कहा कि किसी मुख्यमंत्री या आम नागरिक को गिरफ्तार करने के लिए साक्ष्य के विभिन्न मानकों के लिए पीएमएलए 2002 में कोई अलग प्रावधान नहीं हैं और याचिकाकर्ता अपनी स्थिति पर जोर देकर अपने लिए एक विशेष श्रेणी बनाने का प्रयास कर रहा है, जो स्वीकृत नहीं किया जा सकता है. केजरीवाल ने तर्क दिया था कि उनकी गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के बुनियादी ढांचे और सिद्धांत का उल्लंघन करती है इस का जांच एजेंसी ने खंडन करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, चाहे वह कितना भी बड़ा हो, अपराध के आधार पर की जाती है. उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती. हलफनामे में आगे कहा गया है कि यदि उपरोक्त तर्क को स्वीकार कर लिया जाता है, तो अपराधी राजनेताओं को इस आधार पर गिरफ्तारी से छूट दी जाएगी कि उन्हें चुनाव में प्रचार करना आवश्यक है.

## भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवतः विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया।

इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह जलकर नष्ट हो गया। विमान के टुकड़े क्षेत्र में फैल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड एवं दूसरे चरण में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए क्षेत्र में पहुंचे मतदानकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ टोही विमान के मलबे में लगी आग को बुझाने में मदद की।

हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। वायुसेना ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

## मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को नोटिस भेजे

नयी दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।




चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किये गये मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये।

## व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां 'व्हाट्सएप' के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ 'व्हाट्सएप' को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे।

## सीएम नायब सैनी ने कुलदीप बिश्नोई से की मुलाकात

**लेकिन बड़ा सवाल क्या मान गये कुलदीप?**

अटल हिंद/योगेश गर्ग

नई दिल्ली/चंडीगढ़। नई दिल्ली/ चंडीगढ़। गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात की. ये मुलाकात कुलदीप बिश्नोई के दिल्ली आवास पर हुई. इस दौरान कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई भी मौजूद रहे. बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों के बीच चर्चा हुई. सीएम के साथ करीब 1 घंटा तक कुलदीप और भव्य बिश्नोई की मुलाकात चली. मुलाकात के बाद हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने कहा कुलदीप बिश्नोई हमारी पार्टी के अभिन्न अंग हैं. ये हिसार में चुनाव प्रचार करेंगे और बीजेपी उम्मीदवार रणजीत चौटाला बड़े मार्जिन से जीतेंगे. जब से कुलदीप बिश्नोई बीजेपी पार्टी में आए हैं. पार्टी को बहुत मजबूती मिली है.



आज मैं कुलदीप के घर पर नाश्ते पर आया था. परिवार से मिलकर मुझे बहुत अच्छा लगा. हरियाणा में हम 10 की 10 लोकसभा सीटें मजबूती के साथ जीत रहे हैं. नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में हरियाणा का अहम योगदान होगा. वहीं कुलदीप बिश्नोई ने कहा मैं रंजीत चौटाला के लिए चुनाव प्रचार करूंगा. मेरी कोई नाराजगी नहीं है. मैं कई दिनों से सीएम को नाश्ते पर आने के लिए कह रहा था. आज सीएम नाश्ते पर आए हैं. मैं अब जल्द हिसार लोकसभा में चुनाव प्रचार करने जाऊंगा. हिसार के साथ-साथ अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में भी प्रचार करने जाऊंगा. हम 10 की 10 लोकसभा सीट जीताकर मोदी जी की झोली में डालेंगे. 29 अप्रैल को मैं आदमपुर की रैली में मैं भी आऊंगा और मेरा बेटा भव्य बिश्नोई भी आएगा. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कोई सीरियस नहीं लेता. कांग्रेस पूरे देश से खत्म हो चुकी है.

## डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मतदान जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकालकर लोगों को मत अधिकार का बढ़ चढ़कर उपयोग करने के लिए किया जागरूक

**मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग बिना किसी भय, दबाव, या प्रलोभन के करें**

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, आईटीबीपी के पुलिसकर्मी भारी संख्या में मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च मार्ग- फ्लैग मार्च चिमनी बाई चौक फ्लैग मार्च का काफिला सहायक पुलिस आयुक्त मुजेसर फरीदाबाद कि निगरानी में थाना एस . जी.एम नगर से चलकर 4/5 का चौक मुख्य होटल- मेहता स्वीटस से पैदल मार्च- बांध रोड़ फुट रोड - नूरानी मस्जिद सरकारी स्कूल के सामने से - होकर लेयर चौक से पैदल - सैक्टर 48 बड़खल रेड लाईट रशिदिया मस्जिद अनखीर गांव - से मैन रोड़ अनखीर से गाड़ी में सवार होकर- वापिस अनंग चौक - सूरजकुण्ड थाना - दयाल बाग लक्कड़पुर गांव फाटक - ग्रीन फिल्ड कालोनी चौकी के सामने से - 22 फुट रोड़ - 33 - कुम्हार वाली गली बड़खल गेट से गाड़ी में सवार बी . आर . पब्लिक स्कूल के सामने अनंगपुर चौक सूरजकुण्ड गोल चक प्लासर इण्डीया कम्पनी 1 अनंगपुर गांव बुलबुल मार्केट गुरुकुल रोड . मेवला महाराजपुर अंडर पास सैक्टर 46 पुलिस चौकी के सामने से सैक्टर 46 मैन मार्केट - - वेल्डिंग चौक - सैक्टर 45 खेड़ा देवता मन्दिर सर्वओम वापिस मेवला महाराजपुर अंडरपास से पैदल सरकारी स्कूल + मेवला महाराजपुर - रेलवे फाटक - गुजर चौक -- ने सैक्टर 46 रोड़ से गाड़ी में सवार होकर - सैक्टर 21C मार्केट + सी.पी. आफिस के सामने से - अनखीर चौक पर समपन हुआ।

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाल कर इस चुनाव में आप अपने मतअधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरिके से प्रयोग करें। चुनाव में हमारा मताधिकार से चुने गए प्रतिनिधि द्वारा देश व राज्य में सरकार चुनी जाती है। जो हमारे विकास के लिए कार्य करती है।फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को जागरूक किया गया। चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें। चुनाव के दौरान नशा तस्करों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करने के लिए प्रेरित किया है।

# फरीदाबाद में हर महीने की की तरह आज भी मनाया गया निश्चय दिवस

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** ( डी टी सी) जिला टीबी सेंटर पर निश्चय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मरीज के साथ-साथ सर्वोदय हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टूडेंटों ने भी हिस्सा लिया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता जी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर राम भगत डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश शोकनद डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर ए के यादव डिप्टी सिविल सर्जन एमपी सिंह, डॉ महेंद्र साहनी डीआरटीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत पी पी एम कोऑर्डिनेटर करण सिंह के साथ-साथ सभी टीबी और एचआईवी का स्टाफ मौजूद रहा जिसमें पहले डीआरटीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत ने बताया कि स्टेट टीबी ऑफिसर डॉक्टर हितेश वर्मा के मार्गदर्शन और जिला टीबी अधिकारी डॉक्टर हरजिंदर की देखरेख में यह हर महीने की 24 तारीख को निश्चय दिवस मनाया जाता है उन्होंने टीबी के बारे में बताते हुए कहा की टीबी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है टीबी से सकर्मित व्यक्ति के खांसते छींकते बोलते समय उसे थूक के कण निकलते हैं उसे एक स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है टीबी को फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइको बैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस होता है टीबी दो प्रकार की होती है छाती वाली (पलमोनरी) टीबी और एक्स्ट्रा पलमोनरी टीबी बिना फेफड़ों की टीबी यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है टीबी का इलाज संभव है टीबी का मरीज पूरी दवाइयां लेकर जल्दी से जल्दी ठीक हो सकता है टीबी के मरीज को निश्चय पोषण आहार के तहत ?500 हर महीने मिलते हैं सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टूडेंटों ने भी एक नाटक नुक्कड़ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि कैसे एक झोलाछाप डॉक्टर उनको महीना तक घूमाता रहता है और यह टीबी की बीमारी होती है झाड़ फूंक से यह ठीक नहीं होती है इसके लिए सरकारी अस्पतालों में जाएं और अपनी जांच करवा कर फ्री में ही टीबी की दवाइयां प्राप्त करें और इस बीमारी को जल्दी से जल्दी ठीक करें।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही है प्रशासन का दायित्वः जिला निर्वाचन अधिकारी

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज वीरवार लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलॉटमेंट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह पहले चरण की प्रक्रिया आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा की यह जिला फरीदाबाद में लोकसभा क्षेत्र के लिए बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के आवंटन के लिए पहले चरण का रैंडमाइजेशन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रैंडमाइजेशन का उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। क्योंकि इस उद्देश्य के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रैंडमाइजेशन किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के समर्पित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जहां उन्हें कड़ी सुरक्षा के तहत रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम के आवंटन के लिए रेंडमाइजेशन आगामी चरणों में किया जाएगा। प्रशासन के आदेशानुसार जिला मे लगभग 10 हजार लोगों का स्टाफ ड्यूटी देगा। रैंडमाइजेशन से पहले जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी/डीआईओ एलएम मित्तल ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

### ये रहे ईवीएम रेंडमाइजेशन बैठक में मौजूद

बैठक में एसडीएम फरीदाबाद सिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, सीपीएम पार्टी से वीरेंद्र सिंह डंगवाल, आईएनएलडी पार्टी से आरअस रौतेला, जेजेपी पार्टी से प्रेम सिंह धनखड़ सहित इलेक्शन विभाग के तहसीलदार जय किशन, इलेक्शन प्रोग्रामर हरमीत तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने मथुरा रोड पर एक्सीडेंट देखकर रूकवाई अपनी गाड़ी, टीम भेजकर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल सवार को तुरंत पहुंचाया हस्पताल

**दुर्घटनाग्रस्त को अस्पताल पहुंचाकर उसकी उचित मदद करना हमारा न केवल नैतिक कर्तव्य है बल्कि मानवीय धर्म भी है : पुलिस आयुक्त राकेश आर्य**

**आमजन से अपील है कि यदि आपको कोई दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति दिखाई दे तो वीडियो बनाने की बजाय उसे गोल्डन आवर में तुरंत अस्पताल पहुंचाएं ताकि उसकी जान बचाई जा सके : फरीदाबाद पुलिस**

अटल हिंद/योगेश गर्ग

**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने और गोल्डन आवर में दुर्घटनाग्रस्त को हस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य आमजन को हमेशा प्रोत्साहित करते हैं और घायलों की मदद करने वालों को उचित इनाम भी देते हैं। उनका मानना है कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना हमारा परम कर्तव्य है। दुर्घटनाग्रस्त को अस्पताल पहुंचाकर उसकी उचित मदद करना हमारा न केवल नैतिक कर्तव्य है बल्कि मानवीय धर्म भी है। ऐसा ही एक वाक्या उनके साथ भी हुआ जिसमें उन्होंने मथुरा रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखकर उसकी मदद के लिए तुरंत अपनी टीम भेजी और उसे समय पर अस्पताल पहुंचवाकर उसकी जान बचाई।

24 अप्रैल की रात्रि करीब 11:00 बजे पुलिस आयुक्त मथुरा रोड पर बल्लभगढ़ से पुलिस आयुक्त कार्यालय की तरफ आ रहे थे कि रास्ते में ओल्ड मेट्रो स्टेशन के पास एक मोटरसाइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त दिखाई दिया। पुलिस आयुक्त ने तुरंत गाड़ी रुकवाई और घायल की मदद के लिए तुरंत अपने टीम को अस्पताल भेजा। पुलिस




पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य

आयुक्त की एस्कॉर्ट गार्ड में तैनात पुलिसकर्मियों मुख्य सिपाही राजेश सिपाही राहुल संदीप तथा सुनील ने घायल को उठाया और अपनी गाड़ी में सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में ले गए और उचित उपचार में मदद की। रास्ते में घायल ने अपना नाम सुनील तिवारी निवासी सेक्टर 29 फरीदाबाद बताया जिसके सिर पर चोट का गहरा जख्म होने के कारण रक्तस्राव ज्यादा हो रहा था। समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलने पर मामला गंभीर हो सकता था। पुलिस टीम ने उसे समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी मदद की और उसका सामान जिसमें एक पिट्ठू बैग व घर की चाबी अच्छे से संभलवाकर मामले के बारे में चौकी में सूचित किया गया और मोटरसाइकिल को चौकी में खड़ी करवाई गई। पीड़ित सुनील ने पुलिस आयुक्त और उनकी टीम को मदद के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया।

आमजन से अपील है कि यदि आपको कोई दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति दिखाई दे तो वीडियो बनाने की बजाय उसे गोल्डन आवर में तुरंत अस्पताल पहुंचाएं ताकि उसकी जान बचाई जा सके। दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को फरीदाबाद पुलिस की तरफ से प्रशंसा पत्र और नकद इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

## दैनिक पंचांग

**26 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.36 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.34 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.47 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.15 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.41 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.57 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.02 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.48 बजे से |
| 10.30 से | | मीन | 03.21 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मेष | 04.52 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 117 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 07.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 03.40 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वरीयान 04.19 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 07.47 बजे तदनन्तर वणिज 20.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 36'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871961
**जूलियन दिन** 2460426.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

# आईएमए फरीदाबाद और इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल नई दिल्ली के सौजन्य से मेडिकल संगोष्ठी का सफल आयोजन

अटल हिंद/योगेश गर्ग




**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** आईएमए फरीदाबाद और इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल नई दिल्ली के सौजन्य से एक मेडिकल संगोष्ठी का आयोजन फरीदाबाद नीलम बाटा रोड स्थित एक होटल में देर शाम बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने की। मंच संचालन डॉ अश्वनी वधावन ने किया। इस मौके पर इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल नई दिल्ली से डॉ प्रो एसवीएस देव ऑन्कोलॉजी लीड, वरिष्ठ सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ गौतम नाइक हृदय रोग विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर डॉक्टरों को लेटेस्ट जानकारी देते हुए डॉ प्रो एसवीएस देव ने बताया की कैंसर भारत में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में उभर रहा है। स्तन कैंसर भारतीय महिलाओं में सबसे आम कैंसर है और मौखिक कैंसर भारतीय पुरुषों में सबसे आम कैंसर है। इष्टतम कैंसर सर्जरी प्रणालीगत या रेडियोथेरेपी के साथ-साथ प्रारंभिक चरण के स्तन और मौखिक कैंसर का इलाज कर सकती है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में प्रमुख प्रगति में अंग संरक्षण सर्जरी, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी, नेविगेशनल सर्जरी और ऑन्कोप्लास्टी शामिल है। इन सर्जिकल प्रगति ने स्तन और मौखिक कैंसर के परिणामों में काफी सुधार किया है, खासकर अपोलो अस्पताल नई दिल्ली जैसे व्यापक कैंसर केंद्रों में इसका इलाज संभव है। इस अवसर पर डॉक्टरों को लेटेस्ट जानकारी देते हुए डॉ गौतम नाइक बताया की लोगों में वाल्वुलर हृदय रोग के बारे में जागरूकता बहुत ज़रूरी है। वाल्वुलर हृदय रोग के रोगियों के लिए अपोलो अस्पताल में कैथेटर आधारित कोहील प्रक्रियाएँ उपलब्ध है। कैथेटर आधारित प्रक्रियाओं के लाभों में तेज़ी से रिकवरी, छाती पर कोई निशान नहीं और सामान्य जीवन में तेज़ी से वापसी हो सकती है। संगोष्ठी के अंत में डॉ दिनेश गुप्ता प्रेसिडेंट ने आएं हुए सभी शहर के डॉक्टरों का और मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अश्विनी वधावन, सेक्रेटरी, डॉ योगेश गुप्ता ट्रेजर, डॉ बिजेंद्र सिंह वाइस प्रेसिडेंट, डॉ कामना बख्शी वाइस प्रेसिडेंट, डॉ अनिल डूडेजा वाइस प्रेसिडेंट, डॉ नरेश जिंदल पैटर्न ,डॉ अनिल मलिक, डॉ अनिल गोयल डॉ कुमार रामानंद रस्तोगी, डॉ दीपा गुप्ता, डॉ रीटा डूडेजा, डॉ रेनू ,डॉ राजीव जेटली, डॉ सोनिया अग्रवाल, डॉ नरेश अग्रवाल , डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ राजीव सक्सेना, डॉ एस एल मेहरा, डॉ प्रताप, डॉ लोहान, डॉ आरके खरब, डॉ राज सरदाना, डॉ मेहरा, डॉ निमेश गुप्ता ,डॉ अजय कपूर,डॉ मीनाक्षी कँवर, डॉ मंजू गोयल, सहित कई डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के फेस्टिवल को आनन्दमय तरीके से मनाने के लिए अधिकारी गण बने भागीदारः सीईओ जिला परिषद सतबीर मान

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने लोकतंत्र के फेस्टिवल को आनन्दमय तरीके से मनाने के लिए अधिकारी गण भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र के महापर्व पर निर्वाचन आयोग का विशेष ध्यान है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के बेहतर क्रियान्वयन पर मतदान करवाने में गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज वीरवार को अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र के महापर्व पर निर्वाचन आयोग का विशेष ध्यान केन्द्रित है। निर्वाचन आयोग की हिदायतों पर मतदान करवाने में गलती की कोई गुंजाइश नहीं है।सतबीर मान ने लोकसभा चुनाव-2024 प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को ट्रेनिंग के द्वारा सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न के लिए अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में टिप्स दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए, प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया में लगाए गए अधिकारियों के स्वयं के वोट डालने के लिए फार्म 12 और 12 ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव में ड्यूटी के साथ साथ मतदान करने के भागीदार बन सकें। वहीं ऐसे अधिकारी जो कि दूसरे प्रांतों में मतदाता हैं और वहां पर 25 मई को मतदान है तो उन्हें फार्म भरने की कोई जरूरत नहीं है। वे अपना मतदान दिवस पर लोकतंत्र के फेस्टिवल के लिए बूथों पर जाकर मतदान करने के भागीदार बन सकते हैं। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि मतदान के दिन आगामी 25 मई को मतदान केन्द्रों पर अन्दर जाने और बाहर आने के लिए अलग-अलग गेट होते हैं। मतदान केंद्र के भीतर प्रजाइडिंग आफिसर्स, सहायक प्रजाइडिंग आफिसर्स के बैठने की व्यवस्था और ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, पीयू, बैलट कंट्रोल यूनिट सहित तमाम व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें।

वहीं टेस्ट वोट, मोक पोल, परोक्षी वोट डलवाने सहित अन्य सभी व्यवस्था आयोग की हिदायतों के अनुसार पूरी करें।

## एक नजर

### वर्ष 2015 से भगोड़ा चल रहे आरोपी को थाना शहर बल्लभगढ़ की टीम ने किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा पूरे हरियाणा में अपराधिक मुकदमों में शामिल फरार चल रहे पीओ/बेल जंपर अपराधियों को पकड़ने के लिए विषेश अभियान चलाया गया है। जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लभगढ़ प्रबंधक की टीम छेड़छाड़ के मुकदमें में वर्ष 2015 में भगोडा घोषित हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उमेश कुमार उर्फ भूत आदर्श नगर बल्लबगढ़ का रहने वाला हैं। पुलिस टीम में आरोपी को



अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सुभाष कालोनी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2012 में एक लड़की के साथ भद्दे कमेंट किए थे। जिसके चलते आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर आने के बाद वर्ष 2015 से गैर हाजिर चल रहा था जिसके चलते आरोपी को माननीय अदालत में पीओ घोषित किया हुआ था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### रिवफ्ट गाड़ी में ऑनलाइन जुआ खिलाते एक आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 17 की टीम ने कियाहुए गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 25 अप्रैल।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 17 प्रभारी कर्मवीर की टीम ने ऑनलाइन जुआ खिलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार उर्फ भोला (40) डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम मुख्य सिपाही खालिद, प्रदीप सिपाही प्रवीन और विक्रांत



ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पांच नंबर रेलवे रोड से स्विफ्ट गाड़ी में ऑनलाइन जुआ खिलाते हुए काबू किया है। आरोपी से मौके पर दो मोबाइल फोन ?42000 नगद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में जुआ खिलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में भी जुआ खिलाने के दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के साथ पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# भाकली मोड़ के आसपास की गलियों के लोग गंदे पानी की निकासी न होने से नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**जमीन उपलब्ध न होने की बात कह सरपंच प्रतिनिधि ने झाड़ा पल्ला**

अटल हिंद/मनोज गोयल



कोसली, 25 अप्रैल। उपमंडल के गांव भाकली दो ग्राम पंचायत के अधीन भाकली मोड़ के आसपास की गलियों के लोग गंदे पानी की निकासी न होने से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। निकासी न होने से नालियों में गंदा पानी भरा खड़ा रहता है जिसके कारण इसमें बदबू आने लगती है साथ ही इसमें मच्छर भी पैदा हो जाते हैं जिससे स्वास्थ्य को बहुत भारी खतरा महसूस होता रहता है। भाकली मोड निवासी विपिन अंकित अंकित अनिल कुमार हिमांशु सुरेंद्र सतीश कुमार प्रदीप रविंदर अभिषेक रमेश करतार पुष्पा देवी श्रवण कुमार उत्तम प्रकाश अशोक एवं सुनीता ने बताया कि यह समस्या भाकली एक और भाकली दो की पंचायत अलग-अलग होने से उत्पन्न हुई है । पहले इन नालियों का पानी भाकली स्थित जोहड़ में चला जाता था। जब से पंचायत अलग हुई इन नालियों को शिविर लाइन से जोड़ दिया गया था। हाल ही में कुछ गलियों की नालियों को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कहते हुए काट दिया गया कि इससे सीवरेज ब्लॉक होने की स्थित उत्पन्न हो गई है। उन्होंने शिविरों को तो ब्लॉक होने से बचा लिया परंतु लोगों को बदबू एवं मच्छरों में मरने के लिए छोड़ दिया है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने भाकली दो सरपंच से भी इस बारे में बात की। उनका कहना है कि उनके पास पंचायती जमीन नहीं है जिसमें इस पानी की निकासी की जा सके। परेशान होकर लोगों ने उपमंडल अधिकारी कोसली को इस बाबत लिखित शिकायत देकर समाधान करवाने की अपील की है। साथ ही निवेदन किया है कि जब तक कोई स्थाई समाधान न हो जाए, तब तक नालियों को शिविर लाइन से जाली लगाकर जोड़ दिया जाए ताकि शिविर भी ब्लॉक न हों तथा नागरिकों को भी परेशानी न उठानी पड़े। लोगों ने कीटनाशक का छिड़काव भी समय समय पर करवाने की मांग की है ताकि मच्छरों से निजात पाई जा सके।

ये कार्य जितना जल्दी हो सके उतना ही ठीक है क्योंकि बरसात के आने वाले समय में समस्या ओर बढ़ जाएगी। इस बाबत सरपंच प्रतिनिधि विजय पूनिया ने बताया कि भाकली दो पंचायत के पास जमीन नही है। उन्होंने इस बाबत उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया हुआ है। उधर जन स्वास्थ्य विभाग के जेई नीरज ने माना कि नागरिकों की समस्या उचित है किंतु वो मजबूर हैं। क्योंकि खुली नालियों को जोड़ने से शिविर लाइन ब्लॉक के साथ साथ वांछित वेस्ट लाइन में नही जा पाता जिससे एनजीटी उन पर ही मुकदमा दर्ज कर देती है। उन्होंने पंचायत से अनुरोध किया है कि नालियों में जाली लगाकर केवल उन्हें गन्दा पानी शिविर के लिए मिले तो उन्हे कोई आपत्ति नहीं। नालियों की निरंतर सफाई होती रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जनता से निवेदन किया है कि लोगों को शिविर लाइन के कनेक्शन लेने चाहिएं ताकि उनका गंदा पानी एवम टॉयलेट वेस्ट बिना कचरे के शिविर में जा सके। ग्राम पंचायत एवम विभाग की मजबूरियों के चलते लोगों को जीना दुभर है। देखना होगा कि कौन इन लोगों का तारण हार बनता है।

# सरस्वती कुंज में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ अभियान सफलतापूर्वक चलाया

**बनाई गई 5 एकड़ जमीन से अवैध झुग्गियों को साफ कर दिया**

**अतिक्रमण जांच समिति के अनुसार 8 इमारतों का विध्वंस किया**

**कृत्रिम झील गुरुग्राम के निवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी**

अटल हिंद संवाददाता



गुरुग्राम 25 अप्रैल । पुलिस स्टेशन सेक्टर 53 के अधिकार क्षेत्र में पुलिस बल की मदद से सरस्वती कुंज में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। डीसी गुरूग्राम निशांत कुमार यादव के निर्देशानुसार डीटीपी जीएमडीए ने डीटीपी प्रवर्तन गुरूग्राम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही की । अवैध रूप से बनाई गई 5 एकड़ जमीन जमीन से झुग्गियों को साफ कर दिया गया। यह 5 एकड़ जमीन जीएमडीए की संपत्ति थी। जहां पास में पहले से ही वॉकवे के साथ कृत्रिम झील के निर्माण की परियोजना निर्माणाधीन है । यह कृत्रिम झील गुरुग्राम के निवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी। सीईओ जीएमडीए ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है, जिसे साफ कर दिया गया है और पर्यावरण विभाग जल्द ही उक्त क्षेत्र की फेंसिंग करेगा । इसके अलावा, सरस्वती कुंज में अतिक्रमण जांच समिति के अध्यक्ष के अनुसार 8 इमारतों पर बड़े पैमाने पर विध्वंस किया गया । अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कड़ी में यहां पर तीन बिल्डिंग अथवा निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। अवैध निर्माण अतिक्रमण को हटाते हुए जमीन को पूरी तरह से समतल बना दिया गया । शेष लगभग 50 मजदूरों और 2 जेसीबी की मदद से आंतरिक दीवारों को भी ध्वस्त कर दिया गया। जल्द ही सरस्वती कुंज क्षेत्र में नियमित अभियान चलाया जाएगा । ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में आर एस बाथ एटीपी जीएमडीए मांगेराम एवं सतेन्द्र पीओ जीएमडीए वंशुल जेई आकाश एफटी पारस पटवारी अमन सहित पर्यावरण प्रभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

# एक नजर

## बाइक चोरी करने के अलग अलग 2 मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल 25 अप्रैल।** दुपहिया वाहन चोरों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए बाइक चोरी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाइक चोरी के एक मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी संदीप कुमार द्वारा आरोपी गांव बाबा लदाना निवासी गुलफान को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी बलबीर की शिकायत अनुसार 27 अक्टूबर 2023 को शाह हॉस्पिटल कैथल के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज किया गया था। दूसरे मामले में चौकी किठाना पुलिस के एचसी सुखदेव द्वारा आरोपी गांव सीसर जिला जींद निवासी जोगिंदर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव संडील निवासी संजय की शिकायत अनुसार 5 अप्रैल 2024 को एसबीआई बैंक किठाना के बहार खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना राजोंद में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपी गुलफान चोरी के अन्य मामले में कैथल जेल व आरोपी जोगिन्द्र चोरी के अन्य मामले में जींद जेल बंद था। जिनकी उक्त दोनों मामलों में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। दोनों चोरीशुदा बाइक पुलिस द्वारा पहले ही बरामद की जा चुकी है। आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने उपरांत दोनो आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## विदेश भेजने के नाम पर रुपए ठगी मामले में आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल 25 अप्रैल।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर रुपये ठगने के एक मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की अगुवाई में एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रामथली निवासी राजविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कैलरम निवासी ईश्वर सिंह की शिकायत अनुसार 23 दिसंबर 2022 को उसने अपने बेटे अनुज कुमार को पुर्तगाल जाने के लिए रवाना किया था। उसको कैथल निवासी आरोपी एजेंट राजविंद्र घर से गाड़ी में लेकर रवाना हुआ था। राजविंद्र ने उनसे 10 लाख 50 हजार रुपये ले लिए और दो लाख रुपये आरोपी हसन अली नाम के व्यक्ति के बैंक खाते में डलवा लिए। राजविंद्र ने कहा था कि वह अनुज कुमार को यहां से दुबई और वहां से सीधे पुर्तगाल पहुंचा देगा। बाद में वह अपनी जुबान से मुकर गया और बोला कि लीबिया देश के रास्ते से पुर्तगाल पहुंचाएंगा। बाद में बेटे अनुज कुमार से पासपोर्ट और उसके पैसे लेकर राजविंद्र लीबिया देश में अकेला छोड़कर फरार हो गया।

# पीओ-एपीओ प्रशिक्षण के पहले दिन पटौदी विधानसभा के 81 कर्मी अनुपस्थित

**चुनावी ड्यूटी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई**

**आरपी एक्ट 134ए व आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई के निर्देश**

**25 मई तक किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के लिए चुनाव महत्वपूर्ण**

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



गुरूग्राम, 25 अप्रैल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस में जारी पीओ-एपीओ के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन गैर हाजिर रहने वाले सभी पोलिंग स्टाफ के खिलाफ आरपी एक्ट की धारा 134ए व आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि गुरूग्राम जिला में लोकसभा आम चुनाव में चुनावी ड्यूटी करने वाले पीओ-एपीओ का गुरुवार से विधानसवार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जोकि आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा। गुरुवार को प्रशिक्षण के पहले दिन पटौदी विधानसभा के 960 पीओ-एपीओ प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन इस दौरान 81 पीओ-एपीओ प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहे। पटौदी के एसडीएम व एआरओ होशियार सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव को बताया कि पहले सत्र में 256 में से 15, दूसरे में 319 में से 37 तथा 319 में से 29 कर्मी अनुपस्थित रहे। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने नाराजगी ज़ाहिर करते हुए कहा कि आगामी 25 मई तक किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के लिए चुनाव से महत्वपूर्ण कोई कार्य नही है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने की सारी जिम्मेवारी पोलिंग पार्टी की होती है। ऐसे में आज प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों का यह व्यवहार किसी भी रूप में स्वीकार्य नही हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य कर्मचारियों के लिए यह एक उदाहरण बन सके।

# 20,000 रुपए की रिश्वत लेता हुआ सीनियर सहायक विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़, 25 अप्रैल। राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही मुहिम के दौरान पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज ज़िला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी, लुधियाना के दफ़्तर में तैनात सीनियर सहायक अमनदीप सिंह को 20,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम को सतीश कुमार निवासी गाँव किशनपुरा, तहसील डेराबसी, एस.ए.एस. नगर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो लुधियाना यूनिट की आर्थिक अपराध शाखा (ई.ओ.डब्ल्यू.) से सम्पर्क करके दोष लगाया कि उक्त कर्मचारी ने उसकी लडक़ी के जाति सर्टिफिकेट की जांच में मदद करने के बदले उससे एक लाख रुपए की रिश्वत की माँग की है। उसने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले भी उससे 20,000 रुपए ले चुका है, जो ऐनो ऐप के द्वारा उसके बैंक खाते में भेजे गए थे और अब वह रिश्वत की बाकी रकम की माँग कर रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक पड़ताल के बाद ई.ओ.डब्ल्यू. की विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उक्त मुलजिम को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत की दूसरी किश्त के तौर पर 20,000 रुपए लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने आगे बताया कि इस सम्बन्धी उक्त मुलजिम के ख़िलाफ़ विजीलैंस ब्यूरो के थाना ई.ओ.डब्ल्यू. लुधियाना यूनिट में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुलजिम को कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले में आगे की कार्यवाही जारी है।

# आईजीयू में नैक की नई गाइडलाइंस पर व्याख्यान का आयोजन



अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 25 अप्रैल। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में नैक के लिए आज एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों, विभाग अध्यक्षों, एवं अधिष्ठाताओं को नैक की नई गाइडलाइंस के बारे में विस्तार से बताया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय पिछले एक वर्ष से नैक की मान्यता के लिए लगातार प्रयास कर रहा है परंतु इसी दौरान नैक की नई दिशा-निर्देश आ जाने के कारण अब नए सिरे से इसके लिए तैयारियां शुरू की गई है। कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने बताया कि पहले वाली गाइडलाइंस में 7 पॉइंट्स के आधार पर नैक होता था लेकिन अब नई गाइडलाइंस में इनको 10 पॉइंट्स के आधार पर मान्यता दी जाएगी।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन और विकास पर कार्यशाला आयोजित

**गृह मंत्रालय के उपनिदेशक (कार्यान्वयन) कुमार पाल शर्मा ने किया संबोधित**

अटल हिंद/मनोज गोयल



महेंद्रगढ़, 25 अप्रैल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), महेंद्रगढ़ की ओर से राजभाषा हिंदी का कार्यन्वयन और विकास विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उपनिदेशक (कार्यान्वयन) श्री कुमार पाल शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। नराकास अध्यक्ष माननीय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशेषज्ञ का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता है। कार्यशाला की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने स्मृति चिह्न भेंटकर विशेषज्ञ का स्वागत किया। हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने विषय विशेषज्ञ, कार्यशाला अध्यक्ष, नराकास के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों का शाब्दिक स्वागत करते हुए विषय विशेषज्ञ श्री कुमार पाल शर्मा जी का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कुमार पाल शर्मा ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक है कि इसका उपयोग कंठ, कलम व कम्प्यूटर के स्तर पर किया जाए। श्री कुमार पाल शर्मा ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को राजभाषा नियम और उसके विभिन्न संवैधानिक व व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया उन्होंने बताया कि किस तरह से राजभाषा कार्यान्वयन की अनिवार्यता लागू की गई है। विशेषज्ञ वक्ता ने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह से व्यावहारिक रूप से राजभाषा हिंदी का क्रियान्वयन सफलता के साथ किया जा सकता है। भाषा के स्तर पर भारत में अंग्रेजी के उपयोग और उसके पीछे के ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए श्री कुमार पाल ने राजभाषा के महत्त्व और उसके उपयोग के लिए कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# जिलाभर में स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप से जारी




अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 25 अप्रैल। जिला प्रशासन की ओर से जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक ओर जहां सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम 'वोट डालने जरूर जाएं...' का संदेश लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंच रही है तथा लोक गीतों, भजनों व मतदाता जागरूकता संकल्प दिलाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक कर मतदान का महत्व समझा रही है। वहीं दूसरी ओर जिला में शिक्षा विभाग व रेडक्रास सोसायटी की टीम सहित विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलाकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी के लिए आह्वान किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महत्ता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रेवाड़ी जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र तथा रोहतक लोकसभा क्षेत्र में आने वाले वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां प्रभावी रूप से जारी हैं।

# जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया

अटल हिंद/मनोज गोयल



रेवाड़ी, 25 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन भा.पु.से. के दिशा निर्देश पर वीरवार को साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस लाईन रेवाड़ी में सभी थानों के साइबर डैक्स इंचार्ज व साइबर थाना में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए साइबर डैक्स व थाने में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाना था। जिला पुलिस द्वारा इस कार्यशाला का नेतृत्व करने के लिए दिल्ली से वरिष्ठ प्रबंधक साइबर विशेषज्ञ त्रिलोक चंद्र को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने साइबर थाना में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों से विभिन्न साइबर अपराधो के प्रकारों, सीडीआर/आईपीडीआर के विश्लेषण, आईपी एड्रेस ट्रैकिंग, मोबाइल फोरेंसिक, ईमेल ट्रेसिंग के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटा और हैशिंग तकनीकों के संग्रह और संरक्षण बारे व्यापक चर्चा की। इसके साथ ही साइबर एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराधों में इन्वेस्टिगेशन के दौरान विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराध होने पर इन्वेस्टिगेशन में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया तथा इसके समाधान के लिए उपयोग में आने वाली तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक रेवाड़ी आशीष चौधरी ने कहा की साइबर अपराधों से निपटने के लिए अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत करवाने व उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया है ताकि बढ़ते साइबर अपराधो से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# आदर्श गांव गुडियानी में लाल नारायण दास गोयल परिवार द्वारा गांव में निर्मित प्राचीन मंदिर में बाबा खाटू श्याम, शनिदेव एवं भैरवजी की प्रतिमा स्थापना आज

**पूजा अर्चना के बाद मूर्तियों की नगर परिक्रमा, निशान यात्रा एवम कलश यात्रा आयोजित**

अटल हिंद/मनोज गोयल



कोसली, 25 अप्रैल। आदर्श गांव गुडियानी में लाल नारायण दास गोयल परिवार द्वारा गांव में निर्मित प्राचीन मंदिर में बाबा खाटू श्याम, शनिदेव एवं भैरवजी की प्रतिमा स्थापना से पूर्व, उनकी पूजा अर्चना कर नगर परिक्रमा आयोजित की गई । इस दौरान विशाल निशान यात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। उल्लेखनीय की कल मंदिर में इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, तत्पश्चात देसी घी के भंडारे का आयोजन होगा। आज देर रात्रि मंदिर प्रांगण में श्याम बाबा का जागरण भी आयोजित होगा। गोयल परिवार के सबसे बड़े बुजुर्ग रामचंद्र गोयल के सानिध्य में रोशन लाल गोयल एवम परिवार ने पूजा अर्चना उपरांत नगर परिक्रमा, निशान यात्रा एवम कलश यात्रा का शुभारंभ करवाया। इस यात्रा में विपिन गोयल, हरीश बंसल पंसारी, हरीश बंसल एलआईसी, सुरेश नंबरदार, त्रिलोक चंद बंसल, राजेंद्र बंसल, गौरी, प्रिंस, प्रदीप बंसल, आनंद नहाडिया, दिनेश सैनी, रामनिवास गोयल, रेवाड़ी से ज्योति अग्रवाल, सुंदर गोयल, महेंद्र गोयल, राकेश गोयल, प्रताप सैनी, मनोज राजौरा, धीरज, रेणु गोयल, ऋतु बंसल, रजनी बंसल, कविता बंसल, अग्रवाल महिला मंडल प्रधान सुनीता गोयल, ज्योति गोयल, रेखा गोयल, मोनिका बंसल, सरोज गोयल, सविता, शालू बंसल, रेखा बंसल, पिंकी बंसल सहित सैंकड़ों महिलाओं ने कलश एवम निशान यात्रा में भाग लिया।

# संपादकीय

## भाजपा के 80-20 का जवाब कांग्रेस ने 90-10 से दिया

भारतीय जनता पार्टी ने 80-20 का जो नारा दिया था, अर्थात भारत में 80 फ़ीसदी आबादी हिंदू है और 20 फ़ीसदी आबादी में मुस्लिम और अल्पसंख्यक वर्ग आता है। भारतीय जनता पार्टी ने बहुसंख्यक आबादी को अपने पक्ष में करके लोकसभा और विधानसभा चुनाव जीतने के लिए गुजरात के बाद अन्य राज्यों के लिए जो रणनीति बनाई थी, उत्तर भारत के राज्यों में भाजपा की यह रणनीति काफी सफल रही। पिछले 10 साल में उत्तर भारत के सभी राज्यों में डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में भाजपा को सफलता मिली। केंद्र, राज्य और स्थानीय संस्थाओं पर भाजपा ने चुनाव जीतकर, सत्ता पर एकाधिकार बनाया। 80-20 की तोड़ इस चुनाव में कांग्रेस ने निकाली है। कांग्रेस ने 90-10 का जो फार्मूला तैयार किया है। उसके बाद से भाजपा का 80-20 का गढ़ दरकता हुआ नजर आ रहा है।

कांग्रेस ने सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से सामाजिक न्याय के नाम से 90 फ़ीसदी लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार किया है। पिछले 10 वर्ष में भारत में पूंजीवाद बड़ी तेजी के साथ बढ़ा है। अमीर और अमीर होते चले गए, गरीब और गरीब होता चला गया। 45 फ़ीसदी संपत्ति एक फ़ीसदी लोगों के पास पहुंच गई है। बाकी 9 फ़ीसदी अति धनाड्य और धनाड्य हो सकते हैं। 90 फ़ीसदी भारत की आबादी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से बहुत कमजोर है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इन्हीं 90 फ़ीसदी लोगों के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 में प्रवेश किया है। 90 फ़ीसदी लोगों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति, जाति और समुदाय के अनुसार गरीबी और पिछड़े वर्ग को देने की घोषणा की है। आरक्षण, शिक्षा एवं नौकरी में आर्थिक आधार पर आरक्षण, बिना किसी भेदभाव की सामाजिक व्यवस्था, केंद्र एवं राज्य सरकार की करोड़ों नौकरियां, जो पिछले, 10 वर्षों में नहीं भरी गई हैं, उनको भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को, पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति, निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण, केंद्र सरकार के बजट का उपयोग 90 फ़ीसदी समुदाय की आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए वितरण करने आदिवासियों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत जल, जंगल और जमीन के अधिकार, ग्राम और जिला सरकार का सशक्तिकरण, मुफ्त शिक्षा, भारत में पैदा हुए सभी लोगों के लिए समान अवसर, सभी धर्म के लोगों के लिए समान मानव अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता, अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को बरकरार रखना। भाषा के आधार पर संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों विधवाओं और दिव्यांगों के लिए ?1000 प्रति माह की पेंशन, वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अधिकार, बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य व्यवस्था, गंभीर बीमारियों में 25 लाख रुपए तक के निश्शुल्क इलाज की सुविधा, बेरोजगारों के लिए 1 लाख रूपये का स्टाइपेंड, प्रत्येक परिवार की गरीब महिला को ?100000 सालाना की आर्थिक मदद, किसानो और गरीबों की कर्ज माफी, जैसे कई प्रावधान कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किए हैं। किसानों की कर्ज माफी और कृषि उत्पादन की एमएसपी तय करने का प्रावधान घोषणा पत्र में किया है।

भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 साल से हिंदुत्व और धार्मिक ध्रुवीकरण के सहारे चुनाव जीतने का काम किया है। आर्थिक दृष्टि से 90 फ़ीसदी आबादी 2014 की तुलना में और गरीब हुई है। केंद्र सरकार को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। बेरोजगारी दिनों-दिन बढ़ रही है। सरकारी नौकरी के स्थान पर संविदा नियुक्ति पिछले 10 सालों में दी जा रही है। सेना, रेलवे और बैंक की भर्ती बंद है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के रिक्त पद खाली पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस ने 80-20 का मुकाबला अब 90-10 से करने की रणनीति तैयार की है। इसमें कांग्रेस सफल होती हुई नजर आ रही है। पहली बार भाजपा को कांग्रेस की बिछाई गई बिसात पर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जो वादे किए थे, वे वादे पूरे नहीं हुए। अच्छे दिन आए नहीं, महंगाई कम नहीं हुई और भी जो वादे थे वे पूरे नहीं हुए।

बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेता कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर हमलावर हैं। भाजपा अपने ढंग से कांग्रेस के घोषणा पत्र की व्याख्या कर रही है। पिछले 10 वर्षों में आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक रूप से जो परिवर्तन आए हैं, उसको देखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रथम चरण के मतदान में ही बाजी मार ली है। 100 फ़ीसदी जाति और समुदाय की जनगणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण करके सरकार के बजट का 90 फ़ीसदी हिस्सा 90 फ़ीसदी लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर देने का उल्लेख कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किया है। 80 फ़ीसदी हिंदुत्व को एक झटके में कांग्रेस ने कई हिस्सों में बांट दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रचार में इसका असर दिख रहा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की ओर मतदाता आकर्षित हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में जो बड़े-बड़े वायदे किए उन्हें पूरा नहीं किया जिससे मतदाताओं के बीच में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता घटी है। इसका फायदा इंडिया गठबंधन को मिलता हुआ दिख रहा है। जो भाजपा की चिंता का सबसे बड़ा कारण बन गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह से प्रधानमंत्री 1 दिन में 3 से 5 जनसभाएं और रैलियां कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं, यह चुनाव पूरा प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर लड़ा जा रहा है।


## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**



**अटल हिंद**

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com


# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

**ललित गर्ग**

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्योग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में र्स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार ??आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है ÷विश्वमानव÷ का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है।

## घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?

**ओमप्रकाश मेहता**

विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर 'अंग्रेज राज' को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि ''अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें'' और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

# यह कैसी आज़ादी ?

**निर्मल रानी**

आज़ादी, निश्चित रूप से प्रत्येक प्राणी का स्वभाव है। परन्तु जब प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ समझा जाने वाला मानव आज़ादी की सभी सीमाओं को पार कर मानव समाज के ही अन्य लोगों के लिये परेशानी का सबब बन जाये तो ज़ेहन में यह सवाल उठना भी स्वभाविक है कि कहीं वह अपनी आज़ादी का दुरूपयोग तो नहीं कर रहा है ? इससे भी बड़ी समस्या तब खड़ी हो जाती है जब आज़ादी या स्वतंत्रता का दुरूपयोग करने वाले उसी व्यक्ति को उसकी बेजा हरकतों के लिए टोका जाये या उसे मना किया जाये या उसे यह बताया जाये कि जिसे वह आज़ादी समझकर दूसरों के लिये परेशानी खड़ी कर रहा है वह दरअसल ग़ैर क़ानूनी है अनैतिक है,तो वह अपनी ग़लती मानने या उसमें सुधार करने के बजाये बड़े ही शातिरपने से बात को दूसरी तरफ़ घुमा देता है। यहाँ तक कि लड़ने को भी तैयार हो जाता है और शिकायतकर्ता को ही कटघरे में खड़ा करने लगता है।

मिसाल के तौर पर कहीं लाउडस्पीकर पर अज़ान हो रही हो या मजलिस,मीलाद हो रहा हो और देर रात तक पास पड़ोस के लोगों की नींद ख़राब हो रही हो,या सड़क पर नमाज़ पढ़ी जा रही हो जिससे राहगीरों को रास्ता चलने में बाधा पैदा होती हो, और आपने इन सब पर आपत्ति की तो आपको फ़ौरन इस्लाम व मुस्लिम विरोधी बता दिया जायेगा। भले ही शिकायतकर्ता स्वयं मुसलमान ही क्यों न हो। इसी तरह अनेक मंदिरों व गुरद्वारों में सुबह शाम लाउडस्पीकर पर होने वाले भजन कीर्तन से यदि आस पास के लोग परेशान हैं। बच्चों को इम्तेहान में पढ़ने में परेशानी हो रही है,कहीं जगरात्रे के चलते रास्ता भी रोका हुआ है और रात भर शोर भी हो रहा है। आये दिन कोई न कोई यात्रा जुलूस गाजे बाजे के साथ निकलता ही रहता है। परन्तु यदि आपने वहाँ किसी को क़ानून समझाया या उस पर आपत्ति की तो आपको सनातन विरोधी व धर्म विरोधी बताने में देर नहीं लगेगी। आजकल तो भिखारी लोग भी आधुनिक युग में प्रवेश कर चुके हैं। वे भी कभी शनि की सवारी लेकर तो कभी साईं की मूर्ति लेकर शोर मचाते लाउडस्पीकर के साथ गली गली मांगते फिरते हैं। यह लोग प्रायः सुबह 5 बजे ही सोते हुए लोगों को उठाकर मांगते हैं और रात के 11 बजे तक इनका यह सिलसिला चलता रहता है। परन्तु आपके आपत्ति करने पर धर्मांध लोग अपनी धर्मान्धता के नशे में आपके सारे तर्कों को काट कर आपको नास्तिक बताने पर आमादा हो जायेंगे। कोई आश्चर्य नहीं कि इस तरह के कृत्य में शामिल लोग आपको अपमानित भी कर डालें। हद तो यह है कि ऐसे अवसर पर जो लोग भले ही आपकी बातों से सहमत क्यों न हों परन्तु वे भी सिर्फ़ इसलिये ख़ामोश रहेंगे कि कहीं उन्हें भी धर्म विरोधी न बता दिया जाये। हमारे आज के समाज की यही कड़वी सच्चाई है।

उपरोक्त धार्मिक कृत्यों के अतरिक्त भी तमाम लोग अपनी निजी आज़ादी का दुरूपयोग करते हैं। मिसाल के तौर पर ग़लत जगह गाड़ी पार्क करना,तंग गलियों में कारें खड़ी करना,गलियों में अपने घरों के प्रवेश द्वार पर ऐसे टेपर बनाना जिनसे आधी गली पर ही उनका क़ब्ज़ा हो जाये। नवधनाढ्यों द्वारा अपने कुत्तों को दूसरों के दरवाज़ों पर ले जाकर पोटी कराना। जहाँ चाहे वहीँ खड़े होकर पेशाब करने लगना। आज़ाद देशवासियों के स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। आख़िर कुछ तो वजह है कि जगह जगह यह लिखा दिखाई देता है कि यहाँ पेशाब करना मना है। उसके बावजूद उसी जगह पर लोगों का खड़े होकर पेशाब करना ? यह सब आज़ादी के दुरूपयोग की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है ?

इसी तरह कई जगह जब लोग अपना मकान बनवाते हैं तो पूरे अधिकार के साथ उस ओर से निकलने वाले पूरे रास्ते को ही बंद कर देते हैं। रास्ते में मिट्टी ,बालू,ईंट रखकर या मिक्सर मशीन खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह बंद करना ऐसे लोग अपना अधिकार समझते हैं। परिणाम स्वरूप उधर से अपनी रोज़ाना निकलने वाले लोगों को अपना मार्ग बदलना पड़ता है। फिर चाहे वह एम्बुलेंस हो या स्कूल बस। अब यदि आप ने ऐसे आज़ाद लोगों को समझने की कोशिश की कि वाहनों के आवागमन के लिये थोड़ा सा मार्ग तो छोड़ दें। इसके जवाब में वह आपकी बात मानना तो दूर उल्टे आपसे लड़ने को ही तैयार हो जाएगा और साथ ही अपने मन में हमेशा के लिये यह भी ठान लेगा कि अमुक व्यक्ति मेरे मकान के निर्माण को देखकर ईर्ष्या रखता है। उसी समय वह निर्माणाधीन मकान पर एक नज़रबट्टू, काला भूत या कोई फटा जूता लटका देगा। और हमेशा के लिये आपसे बोलचाल, मरना जीना, शादी ब्याह सब कुछ समाप्त हो जायेगा। ऐसे ही एक निर्माणाधीन मकान की तरफ़ से एक बार प्रातःकाल की सैर करते हुये गुज़रना हुआ।

# सोचो ! आखिर आरएसएस को क्या हुआ ?

**राकेश अचल**

आप मंगलसूत्र और विरासत कर की अफवाहों में उलझ गए ,और आपसे एक महत्वपूर्ण खबर छूट गयी । खबर ये है कि जिस आरएसएस की इकलौती संतान भाजपा दस साल केंद्र की सत्ता में रह चुकी उस आरएसएस का शताब्दी समारोह नहीं मनाया जाएगा। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने खुद ये ऐलान किया ,लेकिन कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। किसी ने ये जानने की कोशिश नहीं की कि आखिर संघ को हुआ क्या जो उसने इतने महत्वपूर्ण अवसर पर एकजुटता दिखाने से मना कर दिया ?

व्यक्ति हो या संस्था ,सभी के लिए सौ का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है । भारत में आमतौर पर जन्मदिन पर शतायु होने का आशीर्वाद दिया जाता है। संस्थाएं हों या दल अपनी स्थापना का रजत,स्वर्ण और हीरक जयंती मनाते हैं। कोई इस ख़ास मौके को छोड़ना नहीं चाहता,किन्तु संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष को यादगार नहीं बनाना चाहता। ये हैरान करने वाली घटना है। आखिर ऐसा क्या अशुभ हो गया जो संघ ने अपने शतायु होने को समारोहपूर्वक मनाने का इरादा छोड़ दिया ,जबकि तमाम परिस्थितियां संघ के अनुकूल हैं।

आप सब जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन् 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ? केशव हेडगेवार द्वारा की गयी थी।

संघ ने आजादी की लड़ाई में क्या कुछ किया ये सब विवादास्पद है ,और हो सकता है। किन्तु संघ प्रतिबंधों कि बावजूद लगातार भारत की राजनीति में किसी न किसी रूप में हिस्सा लेता रहा है । राजनीति में हिस्सेदारी कि लिए संघ ने जनसंघ बनाया। देश में जब 1975 में आपातकाल की घोषणा हुई तो तत्कालीन जनसंघ पर भी संघ के साथ प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल हटने के बाद जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ और केन्द्र में मिलीजुली सरकार बनी।इसी जनसंघ और संघ की वजह से 1980 में जनता पार्टी टूटी भी और भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। संघ को देश की सत्ता हासिल करने में पूरे 75 साल लगे। संघ की लम्बी साधना और प्रतीक्षा का ही सुफल था कि 2000 में जब संघ 75 वर्ष का हुआ तब संघदक्ष शाखामृग अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की मिलीजुली सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई।

संघ की स्थापना का मूल और प्रारंभिक लक्ष्य हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट करना था। संघ अपने एक उद्देश्य में तो सफल हुआ किन्तु उसकी कल्पना का देश प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी नहीं बना सके। लेकिन संघ ने हार नहीं मान। संघ अपने संगठन कि माध्यम से भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्शों को बढ़ावा देता रहा। बाजपेयी जी की सत्ता जाती रही किन्तु संघ बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करने से पीछे नहीं हटा।

बाजपेयी कि बाद संघ ने फिर साधना की और 2014 में अपने नए शाखामृग नरेंद्र मोदी कि जरिये देश की सत्ता पर अपना अधिकार जमाया। मोदी जी 2019 में दूसरी बार भी प्रधानमंत्री बने । उनके शासनकाल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और राम मंदिर बनाने का सपना भी पूरा हुआ ,लेकिन इस दौर में संघ कमजोर और मोदी जी मजबूत होते चले गये । आज स्थिति ये है कि संघ मोदी जी को नहीं नचा पा रहा जबकि मोदीजी संघ को अपनी उँगलियों पर नचाने में समर्थ हो गए हैं। मोदी जी की मजबूती से लगातार कमजोर हुआ संघ अब सन्निपात में है। उसे खतरा है कि मोदी ब्रांड आने वाले दिनों में संघ को भी लील सकता है। इसीलिए तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए कमर कसकर काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अकेला छोड़कर संघ ने अपनी स्थापना का शताब्दी समारोह मनाने का इरादा ही बदल दिया।

जानकार सूत्र कहते हैं कि मोदी जी पिछली आधी सदी से भी ज्यादा समय से संघ कि लिए काम कर रहे दत्तात्रय होसबाले को संघ की कमान सौंपना चाहते हैं। दत्तात्रय इस समय संघ के सरकार्यवाह हैं और उनका कार्यकाल 2027 तक है। मजे की बात ये है कि संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अगले साल होने वाले संघ के शताब्दी समारोह को न मनाने का निर्णय अचानक लिया या ये पहले से तय था ,कोई नहीं जानता। लेकिन आशंका और अनुमान ये है कि डॉ भागवत संघ का शताब्दी समारोह मोदी जी के प्रयोजकत्व में नहीं मनाना चाहते। उन्हें भय है कि मोदी जी ने जैसे अब तक तमाम महत्वपूर्ण अवसरों पर देश की राष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष और शंकराचार्यों को पीछे धकेलकर अपनी प्रभुता स्थापित की है ,वैसा ही वे संघ के शताब्दी समारोह में भी करने से बाज नहीं आएंगे।

आपको बता दें कि डॉ मोहनलाल मधुकर राव भागवत 2009 से संघ की कमान सम्हाल रहे है। यानि वे इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी वरिष्ठ हैं। मोदी केंद्र की सत्ता में 2014 में आये। डेढ़ दशक से संघ की कमान सम्हाल रहे डॉ मोहन भागवत किसी भी सूरत में संघ को मोदीमय नहीं होने देना चाहते। मोदी जी के कार्यकाल में संघ के मुकाबले भाजपा ज्यादा मजबूत हुई है । देश के 450 जिलों में भाजपा के आधुनिक कार्यालय खोले किन्तु संघ की शाखाएं लगातार कम होती गयीं। एक जमाने में संघ की प्रात-;शाम और रात को भी लगभग 55 हजार से ज्यादा शाखाएं लागतीं थीं,किन्तु अब ये संख्या लगातार घट रही है । स्वयं सेवक संघ के बजाय भाजपा को महत्व देने लगे हैं। डॉ भागवत की नींद इसी वजह से उड़ी हुईहै। मोदी जी ने तीसरी बार सत्ता में वापस लौटने के लिए संघ परिवार की पुरानी अवधारणा पर भी धूल डालते हुए नया जुमला मोदी का परिवार देकर संघ को सन्निपात की स्थिति में ला खड़ा किया है। डॉ भागवत मोदी सरकार का या खुद मोदी का अहसान संघ के ऊपर नहीं लादना चाहते ,इसीलिए उन्होंने संघ का शताब्दी समारोह न मनाने का अप्रत्याशित फैसला सुना दिया।

# सफल होने के हजारों नुस्खे

**संजय गोस्वामी**

सफल होने के नुस्खे हजारों हैं। स्मार्ट सिटी, सुस्त शहर, विकसित कस्बे, पिछड़े गांव, सड़क और गली में, हर कोई हर किसी से आगे निकलने के जुगाड़ में है। सफलता के नुस्खे निजी अनुभव पर भी आधारित हैं। हमारे मित्र सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होकर आए। उन्होंने सफल होने के खास नुस्खे बताए। पत्नी ने मना किया है, वह कहती है कि इन नायाब नुस्खों को स्वार्थी इंसानों के हवाले न करें। लेकिन जब हम स्कूल में थे तो मास्टरजी के माध्यम से पता चला था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। इसी सीख से प्रेरित होकर, पत्नी के नाराज होने के बावजूद, मानवता की सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानकर, अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। समाज के प्रति हमारा कर्ज कुछ तो कम हो जाए इसलिए यह नुस्खे आप सभी के हवाले कर रहे हैं। आपका तबादला नए शहर में होता है। नए अनजान पड़ोसियों से यदि सलाम नमस्ते नहीं होती, वे पानी या चाय आदि के लिए नहीं पूछते तो बुरा न मानते हुए, आप उन्हें ही चाय के साथ नमकीन बिस्कुट खाने के लिए आमंत्रित कर डालें। आप बेहद कम खर्च कर पहले ही दिन एक अच्छे पड़ोसी के रूप में स्थापित हो जाएंगे। कार्यालय पहुंच कर बिल्डिंग में ऊपर से नीचे तक सभी को मुस्कुराते हुए नमस्ते बोलने के बाद ही अपनी कुर्सी पर बैठिए। आपका व्यायाम भी हो जाएगा और सरकारी समय में, सहकर्मियों के साथ सम्बन्ध भी मजबूत होते जाएंगे। दूसरों के व्यक्तिगत काम जिन पर आपका कुछ खर्च न होना हो, जरूर कीजिए। इससे आप ड्यूटी के दौरान भी इंसानी फर्ज निभाने वाले सहयोगी कहलाएंगे। आप सरकारी गाड़ी से कहीं बाहर या लोकल जा रहे हैं। आपकी पत्नी साथ नहीं जा रही है तो पड़ोसी को जरूर पूछ लीजिए। उन्हें लिफ्ट दे ही डालिए। इसके बदले में आप भी उनकी निजी गाड़ी में कभी कभार जा सकेंगे। कभी अपने काम के लिए बॉस से अनुमति लेने जाना हो तो जरूर पूछ लीजिए कि भाभीजी का कोई काम करना हो तो कृपया बताएं। यदि आप अपनी प्रौढ़ता कम दिखाने के लिए अपने बालों या बचे-खुचे बालों की डेंटिंग-पेंटिंग नहीं करते तो करना शुरू कर दीजिए। कम उम्र के पड़ोसियों को बड़ा भाई या स्थानीय अभिभावक कहना शुरू कर दें। इससे छोटे-मोटे कई पंगों को निपटाने में आपको, उनकी सहायता मिल सकती है। इससे आपकी परेशानियां कम रहेंगी। दो बेहद आजमाए हुए, कम चर्चित नुस्खे आज ही हाथ लगे हैं। थोड़ा सा मुश्किल है, लेकिन बहुत उपयोगी है। नुस्खा अंग्रेजी में है, जो बात बढ़ जाने पर शर्तिया काम आता है, 'आइदर यू ठोको देम आर गेट ठोकोड' यानी 'उन्हें पीट दो या पिट जाओ'। दूसरा बेहद अचूक नुस्खा है, 'कनविंस कर दो या कन्फ्यूज कर दो' यानी 'यकीन दिला दो या भ्रमित कर दो'। निजी नौकरी के अनुभव और नुस्खे थोड़ा अलग होते हैं। अगर हम हर चैनल पर आने वाले सभी विषयों के विशेषज्ञ होते तो बिना जाने बूझे एक दर्जन नुस्खे और बता देते।

# डी.सी. ने किया नरवाना की अनाज मंडी का दौरा, फसल खरीद कार्य को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 25 अप्रैल। डी.सी. मोहम्मद इमरान रजा ने गेहूं खरीद व उठान के कार्य को लेकर वीरवार को नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड नरवाना का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को खरीद, उठान व पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ एस.डी.एम. नरवाना अनिल कुमार दून भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने नरवाना अनाज मंडी का दौरा करके वहां पर चल रहे गेहूं खरीद कार्य का जायजा लिया तथा खरीद





एजेंसियों व मार्कि ट कमेटी के अधिकारियों से जानकारी हासिल की। अनाज मंडी में पहुंचने पर मंडी एसोसिएशन के प्रधान राजेश शर्मा, सचिव सुभाष, ईश्वर गोयल, सचिन मित्तल सहित अन्य व्यापारियों ने डी.सी. का स्वागत किया। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने खरीद एजेंसियों व मार्कि ट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल खरीद में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। फसल की नमी की मात्रा को नियमानुसार चैक कर खरीद करें, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। आढ़तियों व किसानों को सीजन के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत पेश नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की बिक्री होने के बाद 72 घंटों के अन्दर-अन्दर भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे उठान कार्य में तेजी लाएं, अगर कोई ठेकेदार इस कार्य में लापरवाही करता है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत की। उपायुक्त ने इस दौरान हैफेड के अन्न भंडार के गोदाम का भी निरीक्षण किया, उस दौरान मौके पर मौजूद हैफेड के डीएम पुनीत पंघाल को निर्देश दिए कि वे लेबर प्वाइंट बढ़ाएं ताकि लिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द हो सके।

## एक नजर

### इजराइल के साथ संघर्ष विराम को तैयार हमास.....लेकिन ये शर्त

तेलअवीव (एजेंसी)। गाजा में युद्ध के बीच हमास के नेता खलील अल हाया ने कहा है कि उनका संगठन इजरायल के साथ 5 साल के लिए संघर्ष विराम को तैयार है। साथ ही हमास के लड़ाके हथियार भी त्याग देने वाले है। हालांकि इसके लिए अल हाया की शर्त है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी देश का गठन हो और उसकी सीमा साल 1967 के पहले की हो। हाया गाजा में हमास के डेप्युटी चेयरमैन हैं। उन्होंने फिर से अपनी मांग दोहराकर कहा कि इजराइल के बंधकों को छोड़ने की डील में स्थायी संघर्ष विराम को शामिल करें। हमास नेता का यह बयान उस समय पर आया है, जब इजरायल राफा में भी जोरदार कार्रवाई करने जा रहा है, जो मिस्र की सीमा पर हमास का आखिरी बड़ा गढ़ है।

अल हाया ने कहा कि हमास वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में एक पूरी तरह से संप्रभु फिलिस्तीनी देश का इच्छुक है। साथ ही अंतराष्ट्रीय निर्णयों के मुताबिक फलिस्तीनी शरणार्थियों की वापसी भी हो। इससे पहले एक वरिष्ठ हमास नेता ने दावा किया था कि उनके नेता याह्या सिन्वार हाल ही में कई बार सुरंग से बाहर आए थे और उस इलाके में गाजा के लोगों से मुलाकात की। सिन्वार को भी हकीकत का अंजादा है। इजराइली खुफिया एजेंसियां सिन्वार को रोक नहीं पा रही हैं।

### भारत के पड़ोसी देश में तैनात होगी ड्रैगन की आर्मी

बीजिंग (एजेंसी)। चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी को बांग्लादेश में तैनात करने जा रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया कि बांग्लादेश की सेना के साथ संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया, प्रशिक्षण का मकसद चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यावहारिक आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। कियान ने कहा कि यह प्रशिक्षण संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के संदर्भ में तैयार किया गया है। इसमें एक मिश्रित प्रशिक्षण मॉडल शामिल होगा। बांग्लादेश में चीनी सेना की पहुंच बीजिंग की उस विस्तृत योजना का हिस्सा मालूम पड़ती है, जिसके तहत वह अपनी सैन्य मौजूदगी को वैश्विक स्तर पर बढ़ाना चाहता है।

### सिर से पांव तक बुर्के में दिखी ईरानी राष्ट्रपति की पत्नी

इस्लामाबाद (एजेंसी)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान के तीन दिन के दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे थे। रईसी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ जरदारी सहित पाक के तमाम बड़े नेताओं से बात की। पाकिस्तान में रईसी के साथ उनकी पत्नी जमीला अलम अलहुदा की भी चर्चा है, जो पति के साथ इस्लामाबाद पहुंचीं।

ईरानी राष्ट्रपति की पत्नी ने कहा कि पाकिस्तान के बारे में उनकी धारणा पहले से ही सकारात्मक थी। गाजा पट्टी में जारी जंग पर अलहुदा ने कहा कि इजरायल फिलिस्तीनियों का नरसंहार कर रहा है। ये साफ-साफ मानवता के खिलाफ एक अपराध है, जिस पर विश्व को मुखर होना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति की पत्नी ने कहा, इजरायल मानवता पर अत्याचार कर रहा है। हमारी चुप्पी ने इजरायल को अपनी हिंसक कार्रवाइयां जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। अल्लाह उन लोगों को कभी माफ नहीं करेगा, जो गाजा में यह सब देखकर चुप हैं। मुझे फिलिस्तीन की अपनी बहनों पर गर्व है, जो इजरायल का विरोध कर रही हैं। गाजा की महिलाओं ने जो प्रतिरोध दिखाया है, वहां शानदार है। इजरायली मूसा के अनुयायी होने का दावा करते थे लेकिन वास्तव में वे फिरौन के अनुयायी हैं। अल हुदा ने कहा कि ईरान और पाकिस्तान को शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे चाहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया पाकिस्तान आए ताकि दुनिया में क्रांति की सच्ची तस्वीर पेश कर सके। महिलाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कोई देश तभी आगे जाता है, जब पुरुष और महिलाएं मिलकर काम करते हैं।

### श्रीलंका भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग बढ़ा रहा: रानिल विक्रमसिंघे

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर योजना बना रहा है। इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा। भारतीय कंपनी आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि एक उभरते हुए आर्थिक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति और एक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक-दूसरे के पूरक होगी। विक्रमसिंघे ने कहा, मुझे कोई संदेह नहीं है कि यह (आईटीसी रत्नादीपा) श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ाने में मदद करेगा, खासकर भारत से... यह उस बयान के अनुरूप है जिस पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और मैंने पिछले साल हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, भारत अब उभरते आर्थिक दिग्गजों में से एक है और हम (श्रीलंका) लॉजिस्टिक्स के मामले में भारत के बाद एक महत्वपूर्ण स्थान पर हैं।'' पर्यटन क्षेत्र पर खासतौर पर विक्रमसिंघे ने कहा, '' मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई वर्षों तक, श्रीलंका छुट्टियां बिताने के लिए उपयुक्त स्थान रहेगा। आने वाले समय में बेंगलुरु, चेन्नई या हैदराबाद में किसी व्यक्ति के लिए विमान के द्वारा यहां आना भारत के उत्तरी हिस्से में जाने से अधिक आसान होगा। आईटीसी का नया होटल किसी भी भारतीय कंपनी द्वारा श्रीलंकाई आतिथ्य क्षेत्र में सबसे बड़े निवेश (करीब 3,000 करोड़ रुपये) में से एक है।

### पाकिस्तान के कराची में महसूस किए गए भूकंप के झटके

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप आने से डरकर लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर एकत्र हो गए। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। भूकंप के झटके महानगर के बाहरी इलाकों में महसूस किए गए। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 12 किलोमीटर नीचे था। लेकिन झटके कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी कस्बे सहित शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस हुए जहां लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके कई सेकंड तक महसूस किए गए, जिससे बड़ी आबादी वाले इलाकों में से एक बहरिया कस्बे के एक घर की दीवार में दरार आ गई। कहीं से भी किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। कराची में लंबे समय बाद भूकंप का कोई झटका महसूस किया गया। पिछले साल 16 अक्टूबर को कराची के विभिन्न हिस्सों में 3.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए थे।

## अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने वाले प्रस्ताव पर रुस ने लगाया वीटो

संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)। रूस ने सभी देशों पर अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ पर रोक लगाने संबंधी एक प्रस्ताव पर वीटो किया। यह प्रस्ताव अमेरिका और जापान ने पेश किया था। पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने प्रस्ताव का विरोध किया और चीन ने मतदान से दूरी बना ली। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देकर खारिज कर कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने में सक्षम नहीं है।

प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो भारी तबाही का कारण बने। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 के अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत प्रतिबंधित है। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है, लेकिन रूस द्वारा वीटो लगाना सवाल उठाता है कि पुतिन सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है।

व्हाइट हाउस ने फरवरी में इसकी पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है, हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है।

## अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर रुस ने किया वीटो

जेनेवा,(एजेंसी)। अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ को रोक लगाने के लिए पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने इसका विरोध किया और चीन इस मामले पर नदारद रहा। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। रुस ने कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों को बैन करने में सक्षम नहीं है।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर ऐसे किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो मानवजाति के लिए भारी तबाही का कारण बनेंगे। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 के अंतरराष्ट्रीय संधि के अंतर्गत प्रतिबंधित है।

अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने इस प्रस्ताव के मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो किया जाना यह संकेत देता है कि रुस सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है।

बता दे कि व्हाइट हाउस ने फरवरी में इस बात की पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है। 18 मार्च को थॉमस-ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव की घोषणा की थी। रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने बाद में इस बात की घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है। पुतिन ने दावा किया कि रूस ने केवल अमेरिका के समान ही अंतरिक्ष क्षमताएं विकसित की हैं।

## पाकिस्तानी आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गई रोक एक प्रकार का छिपा हुआ वीटो है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने यह बात कही। रुचिरा कम्बोज ने कहा कि किसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का



मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है। कम्बोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया। उसने इस काम को अपनी समितियों की तदर्थ कार्य पद्धतियों के माध्यम से छिपाने का प्रयास किया है जो उसकी तरफ से काम तो करती है किंतु उसकी जवाबदेही बहुत कम है। रुचिरा ने कहा कि हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और रोक और अवरोध लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कम्बोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।

## बुर्किना फासो में 223 आम लोगों का जनसंहार....56 बच्चे शामिल

डाकार (एजेंसी)। बुर्किना फासो में सैन्य बलों ने चरमपंथियों के साथ सहयोग करने के आरोपी दो गांवों पर हमला कर बच्चों सहित 223 आम लोगों को मार डाला। गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जनसंहार 25 फरवरी को नोंदिन और सोरो गांवों में किया गया तथा मृतकों में करीब 56 बच्चे शामिल हैं।

मानवाधिकार संगठन ने संयुक्त राष्ट्र और अफ्रीकी संघ से जांचकर्ता उपलब्ध कराने और जनसंहार के जिम्मेदार लोगों को इंसाफ के कटघरे में लाने के स्थानीय प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि नोंदिन और सोरो गांवों में जनसंहार बुर्किना फासो की सेना द्वारा अपने आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान आम लोगों की हत्या करने की कड़ी में नया मामला है। उन्होंने कहा कि मानवता के खिलाफ संभावित अपराध की विश्वसनीय जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जरूरी है।

बुर्किना फासो की सरकार के प्रवक्ता ने 25 फरवरी को हुए हमले को लेकर टिप्पणी के आग्रह का जवाब नहीं दिया। देश में आतंकवादी संगठन अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह के सदस्य राष्ट्र समर्थक बलों पर हमला करते हैं।

## यूक्रेन को अमेरिका ने फिर भेजा साजों-सामान

मास्को (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे वक्त से जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार और गोला बारूद भेजना प्रारंभ कर दिया है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन, ईरान और उत्तर कोरिया पर रूस की मदद करने का आरोप लगाया। बाइडन ने यूक्रेन और इजराइल को मदद देने और ताइवान सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए 95.3 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, पुतिन के मित्र उन्हें लगातार साजो सामान की आपूर्ति कर रहे हैं। ईरान ने उन्हें ड्रोन भेज रहा है। उत्तर कोरिया ने बैलेस्टिक मिसाइल और तोप के गोले भेजे हैं, चीन रूस के रक्षा उत्पादन को बढ़ाने के लिए सामान मुहैया करा रहा है।''

बाइडन ने कहा, इसतरह का सहयोग मिलने पर रूस ने यूक्रेनी शहरों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे यूक्रेन के वीर जवानों पर गोला-बारूद बरसाएं हैं और अब अमेरिका यूक्रेन को युद्ध में अपनी रक्षा करने और तेज पलटवार करने के लिए आवश्यक साजो सामान की आपूर्ति करने जा रहा है।'' इसके कुछ घंटों बाद अमेरिका ने पोतों और विमानों के जरिए यूक्रेन को हवाई रक्षा सामग्री, रॉकेट प्रणाली और बख्तरबंद वाहन भेजने प्रारंभ कर दिए।

## भीख मांगने के मामले में यूएई में पाकिस्तानी सबसे आगे!

### खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानी शिक्षा और स्किल के मामले में भारतीयों से बहुत पीछे

इस्लामाबाद (एजेंसी)। फारस की खाड़ी के किनारे मौजूद अरब देशों में भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है तो पाकिस्तानी भी बड़ी संख्या में वहां मौजूद हैं। वैसे तो खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानी शिक्षा और स्किल के मामले में भारतीयों से बहुत पीछे हैं, लेकिन एक विशेषता है जिसमें पाकिस्तानियों के सामने भारत का कोई मुकाबला नहीं है- वो है भीख मांगना। भीख मांगने के मामले में अरब देशों खासकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पाकिस्तानी सबसे आगे हैं। वैसे आगे कहना भी सही नहीं होगा, क्योंकि यहां पर भीख मांगने में पाकिस्तानियों का एकछत्र राज है। खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानियों ने खुद अपने देश की पोल खोली है। एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने कुछ



ओवरसीज पाकिस्तानियों से बात करके जब उनसे अरब देशों में भारतीयों और पाकिस्तानियों में अंतर बताने को कहा, तो चौंकाने वाले जवाब मिले। पाकिस्तानियों ने बताया कि खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानी भारतीयों से शिक्षा और स्किल के मामले में काफी फिसड्डी हैं। लेकिन इन देशों में जितने भिखारी हैं, वे लगभग सारे के सारे पाकिस्तानी होते हैं। पाकिस्तानी नागरिक ने बताया कि पाकिस्तान में पूरा माफिया नेटवर्क है, जो यहां से वीजा तैयार करके उन्हें खाड़ी देशों में भेजा जाता है। उनसे भीख मंगवाकर उन्हें मासिक वेतन दिया जाता है। हाल ही में खत्म हुए रमजान महीने में दुबई ने भिखारियों के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान अधिकारियों ने दुबई के अंदर से 200 से ज्यादा भिखारियों को हिरासत में लिया था। अधिकारियों ने बताया था कि पकड़े गए भिखारियों में अधिकांश ऐसे थे जो विजिट वीजा पर दुबई पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पकड़े गए इन भिखारियों में अधिकांश भारतीय मूल के रहने वाले थे। दुबई के अधिकारियों ने बताया था इन भिखारियों को एक रैकेट के तहत यूएई में भेजा जाता है और यहां पहुंचकर ये लोगों की दयालुता का फायदा उठाते हैं। संयुक्त अरब अमीरात समेत अधिकांश खाड़ी देशों में भीख मांगने को अपराध की श्रेणी में डाला गया है।

## दुबई में तबाही वाली बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग नहीं जिम्मेदार : विशेषज्ञ

दुबई (एजेंसी)। बीते 16 अप्रैल को संयुक्त अरब अमीरात और उसके आस-पास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बारिश ने हाहाकार मचा दिया था। अरब प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में उस दिन 24 घंटे में इतनी बारिश हुई ती, जितनी अमूमन 18 महीने में होती है। बारिश ने यूएई के सबसे स्मार्ट शहर दुबई की तस्वीर बिगाड़ कर रख दी थी। दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। हालात ये हो गए थे कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाई अड्डा बंदरगाह की तरह हो गया था। कई विशेषज्ञ ने इस भारी बारिश के पीछे यूएई में होने वाली क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया था लेकिन



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर रिचर्ड वाशिंगटन ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि दुबई में जिस तरह बेतहाशा बारिश हुई है, उसे लाना इंसान के बस की बात नहीं है। भाषा से उन्होंने बताया कि चैट समूह में मौसम-विज्ञानी होने के नाते, मैंने उपग्रह और पूर्वानुमान मॉडल डेटा को देखा। मैंने जो देखा वह एक आदर्श तूफान के अवयव थे। अरब प्रायद्वीप जैसे पुराने रेगिस्तानों को आम तौर पर बहुत शुष्क बनाए रखने वाली चीज़ हवा का लगातार और तीव्र रूप से डूबना है, जो बारिश के लिए आवश्यक चीजों के बिल्कुल उलट है। गर्म महासागरों के निकट के रेगिस्तानों में, वाष्पीकरण प्रचुर मात्रा में होता है। लेकिन उस नमी को ऊपर डूबती हवा ने कैद कर रखा होता है। यह एक कड़ाही की तरह होता है जिसका ढक्कन मजबूती से लगा हुआ है। 16 अप्रैल को कड़ाही से जिस चीज ने ढक्कन हटाया वह असामान्य रूप से दूर दक्षिण में एक बहुत ऊंचाई वाली जेट स्ट्रीम थी। वास्तव में दो जेट स्ट्रीम, उपोष्णकटिबंधीय जेट और ध्रुवीय जेट, जो एकजुट हो गए थे और अपने पीछे आयातित, ठंडी हवा छोड़ गए थे। कड़ाही के ढक्कन के साथ-साथ डूबती हुई हवा भी खत्म हो गई थी।

## 5000 भारतीयों को रवांडा भेजेगी, ब्रिटेन सरकार

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5000 अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को,अफ्रीका के देश रवांडा भेजने का फैसला किया है। 5000 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे थे। उन्होंने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे ना मंजूर कर दिया है। 1 जनवरी 2022 के बाद से अवैध रूप से जो भी लोग ब्रिटेन पहुंचे हैं। ब्रिटेन सरकार द्वारा उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। नाही ब्रिटेन सरकार उन्हें अपने देश में रखना चाहती है। ब्रिटेन में रह रहे यह 5253 भारतीयों मे 60 फीसदी से अधिक 18 से 29 साल के बीच के हैं। इंग्लिश चैनल को नावों के जरिए पार करके यह लोग ब्रिटेन पहुंचे थे।

अवैध रूप से ब्रिटेन भेजने वाले एजेटों ने इन युवाओं से लाखों रुपए वसूल किए थे। भारत सरकार से कोई सहायता इन्हें नहीं मिली। इसके बाद ब्रिटेन सरकार ने 5000 से अधिक भारतीयों को रवांडा भेजने का फैसला किया है। ब्रिटेन सरकार रवांडा की सरकार को प्रति शरणार्थी 63 लाख रुपए अदा करेगी। ब्रिटेन में सभी देशों के जो शरणार्थी रह रहे थे।

# एक नजर

## पाक को झटका , टी20 सिरीज से बाहर हुए रिजवान और नियाजी

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। उसके विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ये बात कही है। पीसीबी के अनुसार जांच में रिजवान और इरफान की चोट गंभीर पायी गयी है। इसी के बाद दोनो को बाहर करने पर फैसला हुआ। रिजवान को तीसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। पीसीबी के अनुसार अब उसे 10 दिन तक मैदान के बाहर रहना होगा। वहीं नियाजी की भी मांसपेशियों में खिंचाव है। इन दोनो के बाहर होने से टीम की परेशानी बढ़ गयी है क्योंकि आजम खान पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसी कारण युवा खिलाड़ी हसीबुल्लाह को बुलाया गया है पर अन्य किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें एक-एक मैच में जीत के साथ ही बराबरी पर हैं।

## मोहित आईपीएल के सबसे महंगे गेंदबाज बने

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के गेंदबाज मोहित शर्मा आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए हैं। मोहित ने अपने अंतिम ओवर में 31 रन दिये। उनके इस ओवर में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने जमकर चौके और छक्के लगाये। दिल्ली ने जब 43 रन पर ही अपने 3 विकेट खो दिये थे तब अक्षर और ऋषभ ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं थीं। मोहित ने अपने 4 ओवरों में कुल 73 रन दिये। इस प्रकार वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे गेंदबाज बने हैं। बॉलर बन गए हैं। इससे पहले साल 2018 में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगेलुरु के मुकाबले में बेसिल थम्पी ने 70 रन दिये थे जबकि 2023 में यश दयाल ने 69 और साल 2024 में रीस टॉपले ने 68 रन दिये थे। दिल्ली के खिलाफ मैच में गुजरात ने अंतिम 5 ओवर में ही 97 रन दे दिए। इस प्रकार यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले साल 2016 में गुजरात लायंस के गेंदबाजों ने आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में 112 रन दिये थे।

## बीसीसीसी ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख को लगायी फटकार

मुम्बई (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाना भारी पड़ा है। इसके कारण बीसीसीआई ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी है। बीसीसीआई ने रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया है। ये ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। गुजरात के खिलाफ मैच में एक विकेट लेने के बाद रसिख ने आक्रामक जश्न मनाया था।

रसिख ने इस मैच में चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली ने आखिरी ओवर तक चले मुकाबले में 4 रन से जीत हासिल की। दिल्ली ने पहले खेलते हुए अक्षर पटेल के 66 तो कप्तान ऋषभ पंत के 88 रनों की बदौलत 224 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 220 रन बनाये।

## आईसीसी ने टी20 विश्व कप के लिए बोल्ट को ब्रांड एम्बेसडर बनाया

दुबई (एजेंसी)। महान धावक उसेन बोल्ट को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक कार्याक्रम के दौरान ब्रांड एम्बेसडर के लिए बोल्ट के नाम की घोषणा की। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। बोल्ट ने 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। बोल्ट ने विश्व कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि ये एक बड़ा सम्मान है। साथ ही कहा कि वह इस टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज का समर्थन करेंगे। बोल्ट ने कहा कि मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए एम्बेसडर बनकर उत्साहित हूं। कैरेबियाई देशों में क्रिकेट जीवन का एक अहम हिस्सा है, इस खेल के लिए हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहा है। बोल्ट ने कहा कि अब अमेरिका में भी क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना उनके लिए सम्मान की बात होगी। उन्होंने कहा कि मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करुंगा पर इस खेल को अमेरिका में लाना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के अवसर भी बढ़ेंगे।

## भारतीय पुरुष और महिला टीमें कंपाउंड तीरंदाजी विश्वकप के फाइनल में पहुंचीं

शंघाई (एजेंसी)। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्वकप के फाइनल में पहुंच गयी हैं। इसके साथ ही भारत को दो पदक मिलने तय हो गये हैं। भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं अनुभवी अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश ने फिलीपींस और डेनमार्क को हराकर सेमीफाइनल में कोरिया को हराया। भारतीय पुरुष टीम को अब शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड का सामना करना होगा।

वहीं महिला वर्ग में भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को हाराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का मुकाबला फाइनल में इटली से होगा। वहीं अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने अपने शुरुआती दो मैचों में केवल 10 अंक खोये। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराया था।

## आमरे ने जीत का श्रेय ऋषभ और अक्षर के बीच हुई साझेदारी को दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने आईपीएल में अपनी टीम प्रदर्शन की प्रशंसा की है। आमरे ने गुजरात के खिलाफ मुकाबले में जीत का श्रेय अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत को दिया है। उन्होंने कहा कि इन दोनो के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत ही उनकी टीम 20 अतिरिक्त रन बना पाये जो मैच में निर्णायक रहा।

ऋषभ ने इस मैच में आठ छक्के और पांच चौके लगाकर नाबाद 88 रन बनाये। वहीं अक्षर ने आठ छक्के और पांच चौके लगाकर 66 रनों की पारी खेली। 44 रन पर तीन गिरने के बादा इन दोनो ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी बनाकर टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। ऋषभ ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स के साथ केवल 18 गेंद में 67 रन बना दिये। इससे टीम चार विकेट पर 224 रन तक पहुंची।

# हैदराबाद पर 35 रनों की जीत के साथ बेंगलुरू ने प्लेऑफ की उम्मीद को रखा जिंदा

हैदराबाद(एजेंसी) विराट कोहली (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।



207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुये। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाये। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई।

बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्?ट्रीय स?टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिये बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया। इसी दौरान 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37रन बनाये। बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाये।

# पंजाब किंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी केकेआर

कोलकाता (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर अपनी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। केकेआर 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है और जीत की प्रबल दावेदार है। उसके इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम अब तक बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। केकेआर की अब तक की सफलता में उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की अहम भूमिका रही है हालांकि उसके तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक इस टूर्नामेंट में और ऐसे में केकेआर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। स्टार्क के पास इसलिए भी अच्छा अवसर है




क्योंकि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं। कप्तान शिखर धवन के अलावा निचले क्रम पर शशांक सिंह और आशुतोष ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब की टीम के 4 अंक हैं और वह प्लेआफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। धवन का खेलना इस मैच में उनकी फिटने पर आधारित रहेगा। धवन पिछले दिनों कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गये थे हालांकि अभ्यास सत्र में वह शामिल हुए जिससे उनके खेलने की उम्मीद हैं।

केकेआर की बल्लेबाजी सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण, फिल साल्ट के अलावा आंद्रे रसेल और कप्तान श्रेयस अय्यर पर आधारित रहेगी। इसके अलावा उसके पास रिंकू सिंह जैसा आक्रामक बल्लेबाज भी निचले क्रम पर है। अभी तक टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिससे टीम बड़े स्कोर बनाने में सफल रही है। उसने अधिकतर मैचों में 200 से अधिक रन बनाये हैं। वेंकटेश अय्यर अब तक अधिक रन नहीं बना पाये है, ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। टीम को इस मैच में नीतिश राणा की कमी खलेगी। नीतिश अच्छे बल्लेबाज होने के साथ ही स्पिनर भी हैं। .केकेआर की गेंदबाजी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रही है जिसमें वह लय हासिल करने का प्रयास करेगी। अब तक केवल सुनील नरेन ही कुछ हद तक प्रभावित कर पाये हैं। उनका इकॉनॉमी रेट 7 के करीब रहा है हालांकि पिछले मैच में वह बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये थे।

## टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मुकाबलों वाला प्रोमो जारी

मुम्बई (एजेंसी)। क्रिकेट प्रशंसकों को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का ब्रेसब्री से इंतजार है। इसी को लेकर अब टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो जारी किया है। टी20 विश्वकप 2 जून से शुरू होगा। इस प्रोमो वीडियो से प्रशंसक उत्साहित हैं। इसमें पिछले दो दशकों में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अलग-अलग मैचों के अहम पलों को शामिल किया गया है। इस प्रोमो में टी20 विश्व कप के इतिहास की कई कई यादें दिखाई जा रही हैं। इस प्रोमो की शुरुआत में महेंद्र सिंह धोनी दिखाई दे रहे हैं, जो टी20 विश्व कप 2007 के समय भारतीय टीम के कप्तान थे। इसमें मिस्बाह उल हक का अंतिम स्कूप शॉट दिखाया गया है। मिस्बाह के इसी शॉट पर उछ्ले कैच को श्रीसंत ने पकड़ा था जिससे भारत ने 2007 टी20 विश्वकप जीता था। इसके बाद पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी और विराट कोहली नजर आते हैं।

प्रोमो में रोहित , विराट को अपने कंधो पर उठाते हुए नजर आते हैं। ये तस्वीर 2022 टी20 विश्व कप की है जब विराट ने अपनी आक्रामक पारी से भारत को जीत दिलाई थी। इस मैच में विराट ने हारिस राउफ पर लगातार 2 जबरदस्त छक्के लगाए थे और मैच भारत की ओर ओर मोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद नवाज के अंतिम ओवर में चौके-छक्के लगाकर भारत को जीत दिलाई थी।

# शुभमन ने हार का कारण अंतिम ओवरों में दिये अतिरिक्त रनों को बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मिली हार के बाद कहा कि हमने अंतिम ओवरों में कुछ अतिरिक्त रन दिये जो हमें भारी पड़ गये। शुभमन ने कहा कि हमने सोचा था कि हम दिल्ली का 200-210 तक रोक पाएंगे पर हम इसमें सफल नहीं हो पाये। इसके बाद भी मुझे लगता है कि हमने अच्छा क्रिकेट खेला पर अंत में हारना निराशाजनक था। इस मैच में सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया। हमारी टीम ने अंत तक संघर्ष किया। हमें कभी भी नहीं लगा कि हम मैच से बाहर होंगे। साथ ही कहा कि जब



आप 224 रन का पीछा कर रहे हों, तो योजनाओं के बारे में बात करने से लाभ नहीं होता है, केवल रन बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिये। मुझे लगता है कि मैच में हमारी ओर से कोई खिलाड़ी प्रभाव नहीं डाल पाया जबकि ये जीत के लिए जरुरी होता है। वहीं पिच को लेकर शुभमन ने कहा कि भले ही आप शुरूआत में विकेट खो देते हैं पर पिच बल्लेबाजों को आगे बढ़ने के लिए सहायता देती है इसी का लाभ दिल्ली ने उठा लिया। एक समय हमने सोचा था कि हम उन्हें 200-210 तक रोक पाएंगे पर इसमें सफलता नहीं मिली। मैदान छोटा होने के कारण हमें लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीद थी पर इसमें सफल नहीं रहे। इसका कारण है कि हम अपनी रणनीति पर सही से अहम नहीं कर पाये। शुभमन ने कहा कि जमे हुए बल्लेबाज या फिनिशर को अच्छा प्रदर्शन करना होता है पर हमारी ओर से ऐसा नहीं हो पाया।

# 27 से 30 अप्रैल के बीच होगी नेशनल स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी**

**नेशनल स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में देशभर से पहुँचेगी 44 टीमें**

**प्रत्येक टीम में 12 मेंबर व तीन अधिकारी उनके साथ गुरुग्राम पहुँचेंगे**

गुरूग्राम, 25 अप्रैल। गुरूग्राम के सेक्टर 38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 27 से 30 अप्रैल के बीच 67वें नेशनल स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17 बॉयज़) का आयोजन किया जाएगा। डीसी



निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में होने जा रही इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल व बेहतर आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

डीसी ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देश के 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों सहित 8 विभिन्न शैक्षणिक बोर्ड की कुल 44 टीमें गुरूग्राम आएंगी। जिसमें प्रत्येक टीम में 12 मेंबर व अन्य तीन अधिकारी उनके साथ गुरूग्राम पहुँचेंगे। गुरूग्राम में आने वाले खिलाड़ी गुरूग्राम की एक बेहतर छवि अपने साथ लेकर जाए इसके लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्लामपुर में उनके ठहरने की उचित व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के कुछ मैच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्लामपुर में भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम आने वाली टीमों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर हेल्प डेस्क भी लगाई जाएंगी।

# व्यापार

## फोर्टिस हैल्थकेयर ने किया मैंटल हैल्थ के क्षेत्र में विस्तार

अटल हिंद संवाददाता

गुरुग्राम। फोर्टिस हैल्थकेयर ने भारत में मेंटल हैल्थकेयर के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराते हुए युनाइटेड वी केयर के सहयोग से आज 'अदायु माइंडफुलनैस' के लॉन्च की घोषणा की है। अदायु, एआई संचालित संपूर्ण मेंटल हैल्थ सॉल्यूशन है जो दुनिया में सबसे एडवांस वर्चुअल साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड के साथ उपलब्ध है। इस पहल के चलते, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद ली गई है और अदायु के मेंटल हैल्थ विशेषज्ञों की प्रशिक्षित टीम कहीं भी लोगों तक इसे




सुलभ बनाने के लिए समर्पित है। यह शानदार पहल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में फोर्टिस हैल्थकेयर की प्रतिबद्धता दर्शाती है और साथ ही, देशभर में मेंटल हैल्थकेयर सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की इसकी भूमिका पर भी जोर देती है। डॉ आशुतोष रघुवंशी, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फोर्टिस हैल्थकेयर ने फोर्टिस मेंटल हैल्थ प्रोग्राम के बारे में और जानकारी देते हुए कहा, ÷फोर्टिस हैल्थकेयर मानसिक स्वास्थ्य के विषय को हैल्थकेयर की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, यह एक ऐसा प्रयास है जिसके लिए हम पिछले करीब एक दशक से काम कर रहे हैं। आज हमने एक समर्पित मेंटल हैल्थकेयर वर्टिकल 'अदायु माइंडफुलनैस' को लॉन्च कर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह नई पहल न सिर्फ मेंटल हैल्थ के क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की हमारी प्रतिबद्धता की सूचक है बल्कि साथ ही, 'युनाइटेड वी केयर' के साथ हमारी पार्टनरशिप में एआई का मेल कराकर हमारी इनोवेटिव एप्रोच का भी परिचय देती है। यह गठबंधन मेंटल हैल्थ सेवाओं के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाएगा और लोग एक बटन दबाकर ही इन्हें प्राप्त कर सकेंगे। यह हैल्थकेयर टैक्नोलॉजी में प्रगति तो है ही, साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से सामाजिक शर्मिंदगी को दूर कर देशभर में जरूरतमंदों के लिए इन्हें मुहैया कराएगी। इस तरह की उल्लेखनीय पहल कर हम हैल्थकेयर डिलीवरी में सुधार लाकर मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाते हैं।

## मनोरंजन की नई परिभाषा रचते हुए, रेडियो सिटी हुआ जियोटीवी पर लॉन्च

अटल हिंद संवाददाता

करनाल। अपने जीवंत संगीत और मनोरंजक कॉन्टेंट के लिए मशहूर रेडियो सिटी अब जियोटीवी पर उपलब्ध है। यह शानदार फ्यूज़न एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि रेडियो सिटी आरसी स्टूडियो के बैनर तले 24×7 वीडियो चैनल पेश करने वाला देश का पहला रेडियो स्टेशन बन गया है। रेडियो सिटी को जियोटीवी पर लॉन्च करने से न सिर्फ इसकी पहुँच का विस्तार होगा, बल्कि एडवर्टाइज़र्स को पूरे देश में लोगों से जुड़ने के अनंत अवसर भी मिलेंगे। इस साझेदारी के माध्यम से, रेडियो सिटी अब भारत भर में जियोटीवी के व्यापक दर्शकों तक अपनी पैठ बना सकेगा। जियोटीवी ऐप में 200 ब्रॉडकास्टर्स समेत 16 भाषाओं और 12 शैलियों में 1,000 से अधिक चैनल्स की पेशकश शामिल है, और यह देश भर में जियो के तमाम ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इस लॉन्च को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, आशित कुकियन, सीईओ, रेडियो सिटी, ने कहा, नवाचार और विस्तार के इस रोमांचक मोड़ में, मैं जियोटीवी और जियोटीवी+ पर आरसी स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हूँ। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो दर्शाता है कि रेडिजिटलाइज़ेशन के माध्यम से हमारा ब्रांड समय के साथ कैसे विकसित हो रहा है। हमारी




टैगलाइन, मस्त रहो, हमारे वर्तमान और नए दर्शकों के लिए एक बेहतरीन डिजिटल अनुभव पेश करने हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नवाचार के मामले में रेडियो सिटी हमेशा ही सबसे आगे रहा है, और जियोटीवी पर इस लॉन्च के साथ, हम मनोरंजन के भविष्य को आकार दे रहे हैं। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो न सिर्फ उत्साह जगाता है, बल्कि दर्शकों और ब्रांड्स को नए एवं रोमांचक तरीकों से जोड़ता है। इस लॉन्च के साथ, रेडियो सिटी का लक्ष्य युवा और डिजिटल के प्रति विशेष रुझान रखने वाली पीढ़ी के साथ जुड़कर स्क्रीन के प्रति उन्हें आकर्षित करना और रेडियो में उनकी रुचि को फिर से जगाना है। इस नए डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ जुड़कर, रेडियो सिटी ऐसे अद्भुत कॉन्टेंट की पेशकश करने की योजना बना रहा है, जो जेन ज़ेड के अनुरूप हो। जियोफाइबर और एयरफाइबर जैसी सर्विसेस के साथ आरसी स्टूडियो जियोटीवी+ के माध्यम से कनेक्टेड टीवी पर भी उपलब्ध होगा।

## जेईई (मेन) में एईएसएल रोहतक के 25 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

अटल हिंद संवाददाता

रोहतक। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रोहतक से अपने 25 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में अर्पित ने 99.87 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर




2160 हासिल की है। इसी क्रम में निखिल लोहान ने 99.80 परसेंटाइल, रूपेश फोगाट ने 99.74, धीरज ने 99.66 परसेंटाइल हासिल किए हैं। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 जून तक करवाएं अपडेट:एडीसी सी.जया श्रद्धा

अटल हिंद/तरसेम सिंह




कैथल, 25 अप्रैल। एडीसी सी.जया श्रद्धा ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रैंस हॉल में आधार कार्ड अपडेशन विषय पर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 जून 2024 निर्धारित की गई है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को यूआईडीएआई के पोर्टल पर जाकर स्वयं निशुल्क अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने मौके पर डीआईओ दीपक खुराना से जिला में चल रहे आधार सैंटरों की पूर्ण फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ से दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। आधार कार्ड धारक माईआधारपोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधारएप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी।

# लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम का किया गया प्रथम रैंडेमाईजेशन: डीसी प्रशांत पंवार

अटल हिंद/तरसेम सिंह




कैथल, 25 अप्रैल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार की मौजूदगी में लघु सचिवालय स्थित कांफ्रैंस हॉल में ईवीएम का प्रथम रैंडेमाईजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। रैंडेमाईजेशन चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ईसीआई की वैबसाईट पर किया गया। प्रथम रैंडेमाईजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा वाईज एक-एक प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में कुल 807 मतदान केंद्र हैं। जिला में 1530 बैलेट यूनिट, 926 कंट्रोल यूनिट व 1007 वीवीपैट मशीनें मुहैया हैं, जिनमें से रैंडेमाईजेशन प्रक्रिया के तहत गुहला विधानसभा क्षेत्र के लिए 226 बैलेट यूनिट, 226 कंट्रोल यूनिट, 246 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। कलायत विधानसभा क्षेत्र के लिए 238 बैलेट यूनिट,238 कंट्रोल यूनिट तथा 259 वीवीपैट मशीन दी गई। इसी प्रकार कैथल विधानसभा क्षेत्र के लिए 245 बैलेट यूनिट, 245 कंट्रोल यूनिट तथा 266 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के लिए 209 बैलेट, 209 कंट्रोल यूनिट तथा 228 वीवीपैट मशीन अलॉट की गई। इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम सुशील कुमार, कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईओ दीपक खुराना, चुनाव तहसीलदार नायब सुभाष, राजनीतिक प्रतिनिधियों सुरेश संधु, सुरेंद्र रांझा, चंद्रभान दयौरा, अमरीक सिंह, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन नरवाना ने जजों को दी विदाई पार्टी



**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 25 अप्रैल।** बार एसोसिएशन नरवाना के सभागार में जजों की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट बलजीत मलिक एवं सचिव सुमित श्योकंद ने की। सचिव सुमित श्योकंद ने जज नवीन कुमार, अक्षय चौधरी एवं जज एस.डी.जे.एम. विशाल का नरवाना कोर्ट में अपनी अच्छी सेवाएं देने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया और कहा कि हमें सभी जजों से बहुत कुछ सिखने को मिला है। जज अक्षय चौधरी ने कहा कि वकीलों के प्रोफेशन में कोई शार्ट-कट नहीं होता। सीनियर वकीलों ने यहां तक पहुंचने में बहुत कड़ी मेहनत की है। युवा वकीलों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर एसडीजेएम जज विशाल ने कहा कि बार एवं बैंच के बीच हमेशा संबंध मधुर होने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी जजों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन नरवाना के वरिष्ठ सदस्य जोगीराम नैन, रणधीर सिंह, तीर्थ सिंह मोर, आदित्य शर्मा, नवीन चौपड़ा व अवन कुमार गोयल सहित बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि एस.डी.जे.एम. नरवाना विशाल नरवाना से तबदील होकर एस.डी.जे.एम. झज्जर लगाए गए हैं। जे.एम.आई.सी. नरवाना अक्षय चौधरी को पदोन्नति देकर एस.डी.जे.एम. गुहला लगाया गया है। इसके अलावा जे.एम.आई.सी. नरवाना नवीन कुमार को तबदील करके जे.एम.आई.सी. फरीदाबाद लगाया गया है।

### राजकीय स्कूल उझाना में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस




**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 25 अप्रैल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझाना में वीरवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता साहिब सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझाना के स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील श्योकंद ने छात्रों को मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साहिब सिंह ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। मलेरिया का समय पर निदान और इलाज ना किया जाए, तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। जब भी आपको तेज बुखार हो, बदन दर्द या सिर दर्द हो, तो लापरवाही बिल्कुल भी नहीं बरतनी चाहिए तथा डाक्टर को जरूर दिखा लेना चाहिए। यह मलेरिया हो सकता है। स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील श्योकंद ने बताया कि मच्छरों से बचकर रहें। घर के आसपास साफ-सफाई का ख्याल रखें, कहीं भी पानी इकट्ठा ना होने दें, घर में कबाड़ में न रखें, छतों पर फालतू का सामान न रखें तथा कहीं भी पानी इकट्ठा होने पर उसमें कोई भी तेल डालें ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके ,घरों के दरवाजों पर जाली का प्रयोग करें।

# गर्मी व लू से बचाव के लिए सभी विभाग उठायें जरूरी कदम : उपायुक्त

**पेयजल की आवश्यकता के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर-18001805678 पर करें फोन**

**आम नागरिक लू से बचाव के लिए जारी की गई एडवाईजरी की करें पूर्ण अनुपालना**



अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। मौसम में बदलाव के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार ने गर्मी व लू से संरक्षण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को जारी की गई एडवाईजरी के अनुसार जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिलावासियों का भी आह्वान किया कि वे खुद के बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतते हुए एडवाईजरी की पूर्ण अनुपालना करें।

गर्मी व लू से बचाव के लिए लघु सचिवालय में गुरूवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर रहे थे। उन्होंने गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में जारी की गई एडवाईजरी पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हर विभाग के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनकी अनुपालना अनिवार्य रूप से की जाए।

# नगर निगम की टीम ने शहर के मुख्य चौक-चोराहों पर स्मॉग गन से किया पानी का छिड़क़ाव

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। बढ़ती गर्मी व गर्म हवाओं (लू) के प्रभाव को कम करने के लिए नगर निगम की टीम ने शहर के मुख्य चौक-चोराहों पर स्मॉग गन से पानी का छिड़क़ाव किया गया, ताकि लोग गर्म हवाओं के प्रभाव से बच सके। निगमायुक्त विश्राम मीणा ने लोगों का आह्वान किया कि सभी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का अवश्य पालन करें। निगमायुक्त ने कहा कि बच्चों को दोपहिया वाहनों में छोड़क़र न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। निगमायुक्त ने कहा कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

# सरकार को हर अनाज की खरीद पोर्टल की बजाए पहले की तरह ऑफलाइन करनी चाहिए : बजरंग गर्ग



अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 25 अप्रैल। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांफैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने नरवाना अनाज मंडी का दौरा करने के उपरांत व्यापारियों की मीटिंग लेते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है दूसरी तरफ आढ़तियों की आढ़त खत्म करके व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आढ़ती व किसान बर्बादी के कगार पर है। किसानों की लाखों मैट्रिक टन गेहूं व सरसों खुले में मंडियों में पड़ी है। सरकार की तरफ से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान समय पर ना होने के कारण आढ़ती व किसानों में भारी रोष है। हरियाणा में बार-बार बारिश होने के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों किसानों की खराब हो चुकी है। सरकार के 72 घंटे में गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं।

# -गत दिवस तक कुल 6 लाख 15 हजार 881 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद: डीसी प्रशांत पंवार

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कैथल, 25 अप्रैल। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल 6 लाख 15 हजार 881 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 1 लाख 70 हजार 278 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 2 लाख 76 हजार 513 हैफेड द्वारा, एफसीआई द्वारा 57 मीट्रिक टन तथा 1 लाख 69 हजार 33 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 3 लाख 2 हजार 40 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 6865 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 4916 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 17918 मीट्रिक टन, बड़सिकरी खुर्द 6841, बलबेहड़ा मंडी में 1141 मीट्रिक टन, बालू में 10 हजार 112, बरटा 7796, बाउपुर मंडी में 1426 मीट्रिक टन, भागल में 7186, भूसला मंडी में 4517 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 99 हजार 346 मीट्रिक टन, डीग में 1053 मीट्रिक टन, फर्शमाजरा में 4005, गोहरां में 7791, गुहणा मंडी में 2867 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 7743, जाखौली मंडी में 10 हजार मीट्रिक टन, कैलरम में 5288 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 10 हजार 485 मीट्रिक टन, कैथल नई अनाज मंडी में 47 हजार 338 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 49 हजार 583 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 55 हजार 128, कमेहड़ी अनाज मंडी में 1268 मीट्रिक टन, कांगथली में 7531 मीट्रिक टन, करोड़ा में 9573 मीट्रिक टन, क्योड़क में 7615 मीट्रिक टन, किठाना में 20 हजार 407 मीट्रिक टन, पाड़ला में 7141 मीट्रिक टन, पाई 19 हजार 327, पूंडरी में 45 हजार 677 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 22 हजार 750 मीट्रिक टन, रामथली में 15 हजार 789 मीट्रिक टन, रसीना में 3176 मीट्रिक टन, सजूमा में 3144 मीट्रिक टन, सांघन अनाज मंडी में 6760 मीट्रिक टन, सेरधा में 4919, सीवन में 16 हजार 592 मीट्रिक टन तथा सोलू माजरा अनाज मंडी में 54 हजार 867 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मंडी में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

# निस्वार्थ जनसेवा मंच ने ठरवा में लगाया फ्री नेत्रजांच और दंत जांच शिविर

अटल हिंद संवाददाता




अम्बाला। समाजसेवी संस्था निस्वार्थ जनसेवा मंच द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव जयंती के उपलक्ष्य में गांव ठरवा में निशुल्क नेत्र जांच और दंतजांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष जरनैल सिंह ने बताया कि कैंप का उद्घाटन मुख्यतिथि गांव के सरपंच गुरदेव सिंह ने किया। कैंप में कपिल आई अस्पताल अम्बाला और एमएम डेंटल कॉलेज मुलाना की टीम ने मरीजों की जांच की। टीम ने ग्रामीणों की आंखों और दांतों की फ्री जांच कर उन्हें आंखों और दांतों के रखरखाव के बारे में बताया। जांच के बाद मरीजों को फ्री दवाईयां भी दी गई। इस अवसर पर संस्था की कानूनी सलाहकार एडवोकेट सरिता जरोरा, रामकरण, सुरजन, इन्द्रजीत सिंह, रमन रावत, पालाराम, डॉ. सुपिन्द्र सूदन, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. संदीप, डॉ. नेहल, डॉ. साक्षी, डॉ. सान्या, डॉ. दिव्या, डॉ. अहाना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# संगत ने धूमधाम से मनाया संत मनदीप दास जी का जन्मदिन





अटल हिंद/पूर्ण सिंह

अम्बाला। श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव डेरे के मुख्य सेवादार संत मनदीप दास जी का जन्मदिन संगत द्वारा ड़धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में संगत केक लेकर पहुंची और संतजी को बधाई दी। वहीं इस अवसर पर प्रचारकों ने कीर्तन सतसंग के जरिये संगत को निहाल किया। संत मनदीप दास ने संगत को आशीर्वाद देते हुए गुरु रविदास जी वाणी को पढने़, सुनने और उसे अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की सभी हमेशा परमार्थ के कार्य करें। संगत के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर संत सोमदास जी तंदवाली, पूर्व मेयर रमेश मल, कमल बराड़ा, समाजसेवी पूर्ण सिंह, विनोद मुंडे, सरपंच बलविन्द्र सिंह होली समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुस्लिम समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए पर्सनल लॉ बोर्ड नाकाफी

अटल हिंद/तरसेम सिंह

कैथल। ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) अक्सर मुस्लिम समाज को इस बात से डराने व असमंजस में डालने का कार्य करता है कि लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित भारतीय संसद का उन्हें समर्थन नहीं प्राप्त है। बोर्ड यह भी दावा करता है कि वह सभी मुसलमानों (अशरफ और पसमंदा दोनों) की प्रतिनिधित्व सभा है और शरिया कानून में बताए उनके निजी और सामाजिक मूल्यों की रक्षा करता है। सच्चाई यह है कि मुस्लिम समाज जाति, वर्ग और नस्ल पर आधारित मसलकों और फिरकों में विभाजित है। यह बोर्ड अपने संगठन में पसमंदा मुसलमानों (दलित, पिछड़े व जनजातीय) के अनुचित प्रतिनिधित्व के कारण इसमें मौजूद भेद को नहीं समझता है। इस बोर्ड का अध्यक्ष हमेशा से ही सुन्नी मुसलमानों की देवबंदी/नदवी विचारधारा को मानने वालों में से चुना जाता है, जिनका प्रभाव और प्रभुत्व ज़्यादा है किन्तु जो सुन्नी मुसलमानों के बरेलवी समुदाय की तुलना में संख्या में कम है। हालांकि, इस बोर्ड का उपाध्यक्ष हमेशा शिया मुसलमान वर्ग से चुना जाता है जो तुलनात्मक रूप से संख्या में सुन्नी मुसलमानों के सबसे छोटे फिरके से भी कम है जबकि, वैचारिक रूप से शिया मुसलमानों को सुन्नी मुसलमानों के समकक्ष माना गया है। यह विचारणीय है कि मूल रूप से भारत में रहने वाले पसमदा मुसलमानों की भाषा, संस्कृति व सभ्यता यहां रहने वाले अन्य निवासियों के जैसी ही है किन्तु अशरफ मुस्लिम समाज के उलेमा इसे गैर-इस्लामी व हिन्दुत्ववादी रीति-रिवाज़ों की परिभाषा देते हैं। यह अशरफ उलेमा इस्लाम के नाम पर अपनी अरबी-ईरानी संस्कृति को भारतीय पसमंदा मुसलमानों के ऊपर थोपने की कोशिश करते रहे हैं जबकि, इस्लाम में निहित उर्फ की विचारधारा उन्हें किसी भी क्षेत्र के रीति-रिवाज़ और पद्धतियां स्वीकार करने की इजाजत इस शर्त के साथ देता है कि वे इस्लाम के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करेंगे। गौरतलब है कि एआईएमपीएलबी भारतीय मुसलमानों में व्याप्त जाति-भेद से वाकिफ है क्योंकि बोर्ड द्वारा प्रकाशित एक पुस्तक 'मजमुआ-ए-कवानीन-ए-इस्लामी' में विवाह से संबंधित एक अध्याय है जो नस्लीय जातीय ऊंच-नीच, देशी-विदेशी भेदों को स्वीकारता है तथा मुसलमानों के बीच होने वाले ऊंची व नीची जातियों के विवाहों को गैर-इस्लामी व असंगत करार देता है। इसके अलावा, बोर्ड औरतों को प्रतिनिधित्व देने के प्रति विशेष प्रकार का बर्ताव करता है तथा वह ज़्यादा से ज्यादा अशरफ मुसलमानों को इसमें नियुक्त करना चाहता है। इस 'बोर्ड' में लोकतंत्र जैसी कोई चीज़ नहीं है क्योंकि इसके पदाधिकारियों की नियुक्तियां वंशवाद व नस्लवाद पर होती हैं व कई बार तो अरबी-ईरानी नस्ल के लोगों के रिश्तेदारों को भी इसके लिए योग्य समझा जाता है और किसी भी प्रकार की चुनाव प्रक्रिया या %लोकतांत्रिक-व्यवस्था% का उल्लंघन किया जाता है जो कुरान में निहित शिक्षाओं के एकदम विपरीत है। अतः यह साफ हो जाता है कि एआईएमपीएलबी मुसलमानों के प्रत्येक वर्ग की नुमाइंदगी नहीं करता। इसका एकमात्र लक्ष्य %इस्लाम% के नाम पर अरबी-ईरानी शासक वर्ग से संबंधित %अशरफ मुसलमानों% के हितों की रक्षा करना है।

# पुख्ता इंतजाम न होने के कारण गेहूँ का धीमा उठान किसान, मजदूर व आढ़ती परेशान: राजेश अम्बरसर

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। कलायत अनाज मंडी मे किसान मजदूरो व आढ़तिओ से रूबरू होने के बाद जब अनाज मंडी का दौरा करने के बाद पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश अम्बरसर ने बताया कि जब कलायत अनाज मंडी मे पहूचने पर किसान, मजदूर व आढ़तियों ने केवल एक ही बात कही की सरकार व प्रसाशन के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण गेहूँ के उठान अति धीमा चल रहा है व मौसम की मार का खतरा हमारे सिर के ऊपर मंडरा रहा है। मौके पर अधिकारियों से बात करने के बाद पता चला कि ख़रीद एजेंसियों व ठेकेदारो के पास साधनों की भारी कमी के कारण उठान मे दिक्कत आ रही है व उनको कहा की आप सभी समन्वय बनाकर जल्द ही इस समस्या का समाधान करे ताकि किसानों, मजदूरो व आढ़तिओ को राहत मिल सके।इस मौके पर उनके साथ विजय कांसल मटोर,ओमप्रकाश मौण,राजा राणा, तपेस , कृष्ण बालमिकी, खजाँची गर्ग,सन्नी कोलेखा,साहिल ढाँढा स्मेत अन्य साथी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता करें अपने बहुमूल्य मत का उपयोग:सत्यवान सिंह मान

**स्वीप अभियान के तहत बृहस्पतिवार को उपमंडल कार्यालय परिसर में सामुहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में स्वीप अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सामुहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता शपथ कार्यक्रम के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों में अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता को अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। आमजन को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कलायत विधानसभा मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं।

# खेलों को भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक भी माना जाता है : विक्रमजीत चीमा

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 25अप्रैल। ब्लॉक समिति के चेयरमैन व समाजसेवी विक्रमजीत सिंह चीमा मसाना ने कहा है कि युवाओं ने नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा व खेलों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा है कि युवाओं ने अपने उज्जवल भविष्य के लिए खेल व शिक्षा को अपना जीवन समझना चाहिए। खेल व शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है।खेल न केवल हमें स्वस्थ रहने में योगदान देकर सक्षम बनाते हैं। उन्होंने कहा है कि खेलों द्वारा न केवल हमारी दिनचर्या नियमित रहती है बल्कि ये उच्च रक्तचाप, ब्लड शुगर, मोटापा, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावनाओं को भी न्यून करते हैं। इसके अलावा खेल द्वारा हमें स्वयं को चुस्त-दुरुस्त रखने में भी मदद मिलती है, जिससे हम अपने दायित्वों का निर्वहन सक्रियतापूर्वक कर पाते हैं। विक्रमजीत सिंह चीमा मसाना गांव बरगट में खिलाड़ियों के समक्ष बोल रहे थे। उन्होंने कहा है कि एक अच्छा जीवन जीने हेतु अच्छे स्वास्थ्य का होना बहुत जरूरी है। जिस प्रकार शरीर को अच्छा और स्वस्थ रखने के लिये व्यायाम की आवश्यकता होती है उसी प्रकार खेलकूद का भी स्वस्थ जीवन हेतु अत्यधिक महत्व है। खेल बच्चों और युवाओं के मानसिक तथा शारीरिक विकास दोनों ही के लिये अति आवश्यक है। नई पीढ़ी को किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेलों में भी रुचिबढ़ाने की जरूरत है। सरकार खेल में ख्याति प्राप्त खिलाडियों को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित करती है। उन्होंने कहा है कि खेलों को भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक भी माना जाता है।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने करवाया ईवीएम का प्रथम रेंडेमाईजेशन

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में जिले में प्रत्येक विधानसभा के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडेमाईजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को जिला में पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों को प्रथम रेंडेमाईजेशन की प्रति भी दी ताकि उनको मालूम हो सके कि कौन सी मशीन कौन से विधानसभा के लिए अलॉट हुई है। इस दौरान मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को जिला में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन के पास पर्याप्त संख्या में ईवीएम और चुनाव सामग्री है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए जिला प्रशासन के पास संसाधनों की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला में मतदान के लिए 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें 54-लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 230 बूथ, 57-भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 220 बूथ, 58-तोशाम विधानसभा क्षेत्र में 233 बूथ तथा 59- बवानीखेड़ा-एससी विधानसभा क्षेत्र में 229 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 4402 इवीएम मशीने हैं, जिनमें 1914 बैलेट यूनिट, 1196 कंट्रोल यूनिट तथा 1292 वीवीपैट हैं, जिनका रैंडमाइजेशन विधानसभा वाईज हुआ है। दूसरे रेंडमाइजेशन में इन मशीनों को बूथ वाइज आवंटित किया जाएगा, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के आरओ के स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड में सुरक्षित स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जिसकी कड़ी सुरक्षा रहेगी।

### भिवानी बॉक्सिंग क्लब के 4 महिला मुक्केबाजों का एशियाई मुक्केबाजी हेतु चयन

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** भिवानी बॉक्सिंग क्लब के 4 महिला मुक्केबाजो का एशियाई मुक्केबाजी हेतु चयन किया गया। युवा व अंडर-22 आयु वर्ग की महिला व पुरूष एशियाई मुक्केबाजी का आयोजन 27 अप्रैल से 8 मई तक अस्ताना कजाखस्तान में किया जा रहा है। जिसमें भिवानी बॉक्सिंग क्लब के अंडर-22 आयु वर्ग में एशियाई मुक्केबाजी हेतु गुड्डी उर्फ सोनिका चहल का चयन 48 किलोग्राम भार वर्ग में तथा तमन्ना बेनिवाल 50 किलोग्राम भार वर्ग में किया गया। युवा वर्ग में निशा गुलेरिया का चयन 52 किलोग्राम भार वर्ग में तथा प्रार्थवी ग्रेवाल का चयन 66 किलोग्राम भार वर्ग में किया गया। भिवानी बॉक्सिंग क्लब के मुख्य प्रशिक्षण जगदीश सिंह द्रोणाचार्य अवॉर्डी व बीबीसी के अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान ने बताया कि चारों मुक्केबाज सही फोर्म में है तथा सभी मुक्केबाजों से इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

### डेंटल इम्पलांट कार्यशाला गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** दिल्ली में आयोजित हुई अंर्तराष्ट्रीय दंत इंपलांट कार्यशाला को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इसी कार्यशाला में भिवानी के दंत चिकित्सक डाक्टर नरेन्द्र अरमान ने बतौर प्रशिक्षक शामिल होकर ने केवल भिवानी का बल्कि हरियाणा का नाम रोशन किया है। डाक्टर अरमान हरियाणा से एकमात्र ऐसे चिकित्सक थे जो कि प्रशिक्षक के तौर पर इस कार्यशाला में शामिल हुए। उनकी इस उपलब्धि पर भिवानी में चिकित्सकों ने आज विशेष बैठक कर उनको सम्मानित किया और उन्हें बधाई भी दी। विश्व की जानी मानी कंपनी द्वारा दिल्ली में डेंटल इम्पलांट की कार्यशाला में 1200 दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यशाला में डाक्टर नरेन्द्र जांगड़ा ने न्यूनतम घाव वाली डेंटल इंप्लांट विधि से अवगत कराया। उनके साथ ही देशभर से 60 अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक भी कार्यशाला में मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशों के उपरांत बाबैन अनाज मंडी से गेहूं के उठान में आई काफी तेजी

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 25 अप्रैल। बाबैन अनाज मंडी से गेहूं के धीमे उठान का मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के उपरांत मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के उपरांत बाबैन अनाज मंडी से गेहूं के उठान में काफी तेजी आई है। बुधवार व बीरवार को दो दिनों में बाबैन अनाज मंडी से एक लाख गेहूं के कट्टों का उठान कर लिया गया है जिससे मंडी के व्यापारियों के अलावा किसानों ने राहत की सांस ली है। बाबैन मंडी में अब तक 5 लाख गेहूं के कट्टों की आवक हो चुकी है जिसमें से 2 लाख कट्टों का उठान कर दिया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक बृजमोहन शर्मा ने बताया कि बाबैन मंडी से गेहूं का उठान कार्य तेज कर दिया गया है। बाबैन मंडी के लिए गेहूं के तेजी से उठान के लिए रेलवे द्वारा अतिरिक्त वैगन उपलब्ध करवाए गए है। बाबैन मंडी में खाली पड़े सरकारी गोदाम को भी गेहूं लगाने के लिए खोल दिया गया है जिसमें गेहूं लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिनों में बाबैन मंडी से एक लाख और गेहूं के कट्टों का उठान कर दिया जाएगा जिससे बाबैन मंडी में जाम की स्थिति नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं का भुगतान जल्दी सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए है ताकि उन्हें समय पर गेहूं का भुगतान मिल सके।

# मलेरिया बुखार से बचने के लिए रात को सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहने और मच्छरदानी का प्रयोग करे : जय भगवान

**विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूली बच्चों के सहयोग से मलेरिया जागरूकता रैली निकाली**

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा




बाबैन, 25 अप्रैल। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाबैन में विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूली बच्चों के सहयोग से मलेरिया जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को सीएचसी बाबैन के एसएमओ डॉ. रमन जैन ने झंडी दिखाकर रवाना किया जो बाबैन के बाजारों से होकर गुजरी। इस रैली में स्कूली बच्चों के अलावा एचआई जयभगवान, एएनएम सुमन लता और सुनीता देवी, हैल्थ स्टाफ चन्द्रभान, आशा वर्कर व सैनी स्कूल बाबैन के अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मलेरिया से बचाव व इलाज के बारे में जानकारी देते हुए एचआई जय भगवान ने कहा कि मलेरिया बुखार मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है जो कि रात के समय काटता है। उन्होंने कहा कि यह मच्छर गंदे व ठहरे पानी में पैदा होता है इसलिए हमे कहीं पर भी पानी को नहीं ठहरने देना चाहिए। हमे रात को सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनने के अलावा मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए।

# अग्रवाल धर्मशाला बरवाला में पांच दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सया कैंप का शुभारंभ



अटल हिंद संवाददाता

हिसार। प्रमुख समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला के तत्वावधान में वार्ड नंबर 4 में स्थित अग्रवाल धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में एक्यूप्रेशर चिकित्सया कैंप का शुभारंभ किया गया। शाखा के कोषाध्यक्ष व युवा स्टेट अवार्डी अमित कथूरिया ने बताया कि इस कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद मीनू शर्मा और सुनील शर्मा द्वारा किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप में महिला प्रमुख आशा चुघ, नीलम सलूजा व डॉ राजेंद्र मौर्य मौजूद रहे। इस कैंप के प्रथम दिन राजस्थान से आए डॉक्टर सुरेंद्र वर्मा और डॉक्टर साजिद द्वारा 40 रोगियों का एक्यूप्रेशर विधि से बिना दवाइयां के इलाज किया गया। इस कैम्प में दमा, ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, कब्ज, गैस, तेजाब, सरवाईकल दर्द, घुटनों का दर्द, शुगर, मोटापा व माईग्रेन के रोगियों का उपचार किया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर रुपए ठगी मामले में आरोपी काबू

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर रुपये ठगने के एक मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की अगुवाई में एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रामथली निवासी राजविंद्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कैलरम निवासी ईश्वर सिंह की शिकायत अनुसार 23 दिसंबर 2022 को उसने अपने बेटे अनुज कुमार को पुर्तगाल जाने के लिए रवाना किया था। उसको कैथल निवासी आरोपी एजेंट राजविंद्र घर से गाड़ी में लेकर रवाना हुआ था। राजविंद्र ने उनसे 10 लाख 50 हजार रुपये ले लिए और दो लाख रुपये आरोपी हसन अली नाम के व्यक्ति के बैंक खाते में डलवा लिए। राजविंद्र ने कहा था कि वह अनुज कुमार को यहां से दुबई और वहां से सीधे पुर्तगाल पहुंचा देगा। बाद में वह अपनी जुबान से मुकर गया और बोला कि लीबिया

देश के रास्ते से पुर्तगाल पहुंचाएंगा। बाद में बेटे अनुज कुमार से पासपोर्ट और उसके पैसे लेकर राजविंद्र लीबिया देश में अकेला छोड़कर फरार हो गया। आरोपी ने उन्हें फोन करके और पैसे देने की मांग की। साथ ही अनुज को वहां के माफिया के हवाले कर देने की धमकी दी। जब वे आरोपी राजविंद्र के घर गए तो उसके भाई ने धमकी दी कि उनके घर आने की जरूरत नहीं है। अगर दोबारा वहां गए तो उसकी पत्नी से छेड़खानी करने के झूठे आरोप में फंसवा देगा। उसने बताया कि उसके बेटे का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। ऐसा करके आरोपी राजविंद्र, उसके भाई व उसकी पत्नी ने उनके साथ साढ़े 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी भी की है। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी का 7 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन

अटल हिंद संवाददाता



पिहोवा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिहोवा में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सिविल सर्जन कुरुक्षेत्र के आदेशानुसार सीएचसी पिहोवा के एसएमओ डा. नमिता गुप्ता ने सीएचसी पिहोवा के सभी एचआई, एमपीएचडब्लयूएम, एएनएम और आशा वर्कर की मीटिंग ली। इसमें मलेरिया से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी। डा. नमिता गुप्ता ने मलेरिया से बचाव व ईलाज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मलेरिया बुखार मादा एनाफेलिज मच्छर से होता है जो कि रात के समय काटता है। यह मच्छर गंदे व ठहरे पानी में पैदा होता है। इसलिए कहीं पर भी पानी न ठहरने दे। रात को सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहने व रात को मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार होने की स्थिति में रोगी की रक्त पट्टिका बनवाए व प्रयोगशाला में जांच करवाए। मलेरिया होने पर मूल उपचार लें। डॉ. नमिता ने निर्देश दिए की इस बारे में लोगों को जागरूक करें तथा स्कूलों में भी अभियान चलाया। जागरुकता अभियान के तहत पिहोवा शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई जिसमे डॉ. नमिता गुप्ता एसएमओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# बाल विवाह रोकने के लिए एसडीएम ने की अधिकारियों और विभिन्न प्रतिष्ठानों से जुड़े लोगों के साथ बैठक

**बाल विवाह में शामिल होना या इंतजामों का हिस्सा बनना भी अपराध: सत्यवान सिंह मान**

कलायत( तरसेम सिंह)

बाल विवाह की रोकथाम के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम सत्यवान सिंह मान द्वारा विभिन्न विभाग अधिकारियों और अलग अलग प्रतिष्ठानों से जुड़े गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। जिसमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए जरुर निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे रोकना हम सभी का दायित्व है। सभी लोग इस बात का ध्यान रखें कि बाल विवाह में शामिल होना या इंतजामों का हिस्सा बनना भी अपराध है। इसके लिए सजा और जुर्माना लगाया जा सकता है। इसलिए यदि कहीं से भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन को बताएं। उन्होंने मौजूद सभी लोगों से बाल विवाह रोकने में मदद की अपील की। बैठक में सीडीपीओ शशि पंचार , बीईओ सुरेश सिंगला आदि मौजूद रहे

25 केएलटी 5 अधिकारियों और अलग अलग प्रतिष्ठानों से जुड़े गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते एसडीएम सत्यवान सिंह मान

# कलायत अनाज मंडी में गेहूं उठान का कार्य धीमा मंडी व्यापारियों ने किया रोष प्रदर्शन

**शाम तक उठान सुचारू नहीं हुआ तो हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

**कुछ मंडी व्यापारियों ने ड्राइवरों पर लगाए गेहूं उठान के एवज में पैसे मामले मांगने के आरोप**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। गेहूं उठान की समस्या को लेकर मंडी व्यापारियों में एजेंसी अधिकारियों के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को मंडी व्यापारियों ने एकत्रित होकर एजेंसी अधिकारियों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन से पूर्व मंडी व्यापारियों द्वारा दोनों अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान सोहनलाल व सुरेंद्र नंबरदार ढूंढवा की अध्यक्षता में निजी प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडी व्यापारियों द्वारा जल्द गेहूं उठान नही होने पर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मंडी व्यापारियों ने ड्राइवर पर गेहूं उठाने के एवज में पैसे मांगने के भी आरोप लगाए। मंडी व्यापारियों के विरोध को देखते हुए एसडीएम सत्यवान सिंह मान द्वारा अनाज मंडी का दौरा किया गया और समस्या के समाधान हेतु संबंधित खरीद एजेंसी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। एसडीएम द्वारा मंडी व्यापारियों को जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन देते हुए एजेंसी अधिकारियों को सख्त लहजे में जल्द से जल्द गेहूं उठान के निर्देश दिए गए।

**शाम तक लिफ्टिंग का कार्य सुचारू नहीं हुआ तो व्यापारी करेंगे हड़ताल**

अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान सोहनलाल व सुरेंद्र नंबरदार ढूंढवा व अन्य अनाज मंडी व्यापारियों ने बताया कि 12 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गई थी। अब तक करीब 12 लाख कट्टे गेहूं की खरीद हो चुकी है। लेकिन केवल मात्र 34 प्रतिशत ही गेहूं का उठान हो पाया है। खराब होते मौसम व बूंदाबांदी के बीच अब भी 66 प्रतिशत गेहूं अनाज मंडी व खरीद सेंटरों पर ही पड़ा हुआ है। लिफ्टिंग की समस्या को लेकर वह कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन गेहूं उठान का कार्य सुचारू नहीं हो पाया है । उन्होंने बताया कि जब तक गेहूं की लिफ्टिंग नहीं होगी तब तक किसानों को भी उनकी फसल के पैसे नहीं मिलेंगे। इस दौरान कुछ मंडी व्यापारियों ने ड्राइवर पर गेहूं उठाने के एवज में पैसे मांगने के भी आरोप लगाए ड्राइवर द्वारा पैसे मांगने का आरोप लगाए । उन्होंने गेहूं लिफ्टिंग में बाधा उत्पन्न कर रहे संबंधित खरीद एजेंसियों अधिकारियों और ट्रांसपोर्ट संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए लिफ्टिंग का कार्य सुचारू नहीं होने पर शुक्रवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। इस दौरान अनाज मंडी एसोसिएशन उप प्रधान पवन कुमार, प्रमोद कंसल, मंडी व्यापारी मेवा सिंह, रमेश शर्मा, जोरा सिंह, रविंद्र शर्मा शमशेर खरक पांडवा, धोला कोलेखा, प्रताप सिंह आदि मंडी व्यापारी मौजूद रहे।

एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि मंडी व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या ना हो इसके लिए खरीद एजेंसी अधिकारियों को जल्द से जल्द गेहूं उठान का कार्य सुचारू रूप से करने निर्देश दिए गए हैं। गेहूं उठान को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियम अनुसार ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव प्रचार के लिए पहुंचने वाले भाजपा व जेजेपी नेताओं का होगा विरोध

**गांव कुराड में आयोजित बैठक में लिया गया फैसला**

**किसान संगठन नेताओं ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। किसान संगठनों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा व जेजेपी नेताओं का विरोध करने का निर्णय लिया है। बृहस्पतिवार को गांव कुराड में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश कोषाध्यक्ष सतपाल दिल्लोंवाली की अध्यक्षता में किसान संगठन नेताओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपरांत किसान नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों व किसानों और मजदूरों के जीवन को बर्बाद करने के लिए केंद्र और हरियाणा की बीजेपी सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी की है और हरियाणा पुलिस ने किसानों पर बल प्रयोग किया सरकार एमएसपी पर कानूनी गारंटी देने में विफल रही और हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमाओं के माध्यम से हरियाणा में प्रवेश करने वाले किसानों पर गोलियों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि किसान तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे तो बीजेपी नेताओं ने हमें आतंकवादी, खालिस्तानी कहा अब उन्हें सबक सिखाने का समय आ गया है जिसका बदला वोट की चोट से लिया जाएगा। जो भी भाजपा व जेजेपी नेता चुनाव प्रचार के लिए गांव में आयेगा उसका शांतिपूर्ण ढंग से काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा । बैठक में भाकियू जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह सहारण, सरक्षक बनी सिंह राणा, सुरेंद्र चौसाला, शमशेर दुब्बल, जगदीश सहारण, अमृतलाल, प्रीतम सिंह, राजेंद्र शिमला व संदीप कुराड़ आदि मौजूद रहे।